

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 03 जुलाई 2025 ■ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-096 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 04 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## अमरनाथ यात्रा शुरू, बाबा बर्फानी की हुई पहली आरती





**श्रीनगर,3 जुलाई।** आज से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो गई है। गुरुवार सुबह बाबा अमरनाथ की पहली आरती की गई। वहीं, पहला जत्था बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप से रवाना अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालु 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। आज सुबह बाबा अमरनाथ की यात्रा शुरू हो गई और पहली आरती की गई। श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा में रवाना होने के बाद 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा में रवाना होने के बाद 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाए। अमरनाथ यात्रा रूट पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सेना के साथ ही सीआरपीएफ के जवानों की तैनाती भी की गई है।

## संक्षेप

### स्वीमिंग पूल से लौट रहा पूरा परिवार खत्म

**हापुड़ ,3 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में बाइक सवार लोगों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सभी लोगों की मौत हो गई, इनमें चार बच्चे भी थे। बता दें, ये सभी बाइक सवार स्विमिंग करके वापस लौट रहे थे, तभी ये हादसा हुआ। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। यह हादसा थाना हाफिजपुर क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर हुआ। हादसे के बाद सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। हादसे में मरने वालों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। बता दें, घटना के तुरंत बाद मृतकों को निजी अस्पताल में ले जाया गया था। अब पुलिस अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी लेने के बाद सभी मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में भेज दिया है।

### मजीठिया को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**चंडीगढ़ ,3 जुलाई ।** आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार बिक्रम सिंह मजीठिया को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से फिलहाल फौरी राहत नहीं मिली है। उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च अदालत ने कहा कि कल मजीठिया को दोबारा रिमांड मिला है। लेकिन अभी तक मोहाली अदालत द्वारा दिए नए रिमांड आर्डर जारी नहीं किए गए हैं। इस पर सरकारी वकील ने कहा कि आज दोपहर 2 बजे तक ऑर्डर आ जाएगा। इसके बाद अदालत ने अब इस मामले की सुनवाई कल करने का फैसला लिया है। अकाली दल के वकील अर्शदीप सिंह कलेर ने कहा कि रिमांड ऑर्डर नहीं आया है। ऐसे में अब कल मामले की सुनवाई होगी।

मजीठिया ने याचिका में गिरफ्तारी को गैरकानूनी करार देते हुए रिमांड आदेश को रद्द करने की मांग की है। मजीठिया का कहना है कि उन्हें गलत तरीके से पुलिस हिरासत में रखा गया है। अकाली दल का कहना यह केस उस खारिज रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किया गया है। जिसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द कर दिया गया था।

### साइबर ठगों ने महिला अधिवक्ता से 3.29 करोड़ ठगे

**नोएडा ,3 जुलाई ।** साइबर ठगों की ठगी लगातार बढ़ती जा रही है और एक के बाद साइबर अपराधी खास तौर से पढ़े-लिखे समझदार लोगों को डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनसे ठगी कर रहे हैं। ताजा मामला नोएडा के सेक्टर 47 निवासी 72 वर्षीय महिला अधिवक्ता के साथ हुआ है। ठगों ने उन्हें कथित रूप से डिजिटल गिरफ्तारी के जाल में फंसाकर कुल 3 करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने इस संबंध में थाना साइबर क्राइम सेक्टर-36 में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता को 10 जून 2025 को लैंडलाइन नंबर पर एक कॉल आया।

## 500% टैरिफ जैसी धमकियों से नहीं डरता भारत : जयशंकर

**नई दिल्ली,3जुलाई।** विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अपना स्टैंड क्लीयर कर दिया कि अगर पुल तक पहुंचे तो पुल को पार भी करना पड़ेगा। यानी मतलब साफ है कि भारत अपने निजी हितों को ध्यान में रखते हुए ही फैसला करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस से तेल आयात पर अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 500 प्रतिशत प्रति बैरल टैरिफ बिल को लेकर कहा है कि भारत इस पर तब विचार करेगा जब ये स्थिति वास्तव में उत्पन्न होगी। टैरिफ का बुखार सिर्फ ट्रंप को नहीं बल्कि पूरे अमेरिका को चढ़ चुका है। इस समय यूएस कांग्रेस में एक ऐसी कोशिश को अंजाम देने के लिए तैयारियां हो चुकी हैं, जिसमें भारत पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा शामिल है। भारत जिस तरह से पिछले कई सालों से रूस से तेल खरीद रहा है। ये बात अमेरिका को बुरी तरह खटक रही है और यही कारण है कि भारत के खिलाफ जाकर इस समय यूएस कांग्रेस में इसके खिलाफ बिल लाया जा रहा है। बिल में प्रस्ताव है कि ऐसे देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाए जो रूस सके तेल



खरीद रहे हैं। अब इसे लेकर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने अपना स्टैंड क्लीयर कर दिया कि अगर पुल तक पहुंचे तो पुल को पार भी करना पड़ेगा। यानी मतलब साफ है कि भारत अपने निजी हितों को ध्यान में रखते हुए ही फैसला करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रूस से तेल आयात पर अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 500 प्रतिशत प्रति बैरल टैरिफ बिल को लेकर कहा है कि भारत इस पर तब विचार करेगा जब ये स्थिति वास्तव में उत्पन्न होगी।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली अमेरिकी कांग्रेस में पेश किए गए तथाकथित रूस प्रतिबंध विधेयक से संबंधित चिंताओं पर अमेरिकी सांसदों के साथ बातचीत कर रही है। इस विधेयक में रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है, जो संभवतः चीन और भारत जैसे देशों को लक्षित करता है। हम सीनेटर लिंडसे ग्राहम के संपर्क में हैं। दूतावास, राजदूत संपर्क में हैं। जयशंकर ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि हमारी चिंताएं और हित, विशेष रूप से ऊर्जा और सुरक्षा पर, उन्हें बता दिए गए हैं। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वे विधेयक के प्रभाव का मूल्यांकन तब करेंगे.

## बागेश्वर धाम में बड़ा हादसा, 1 की मौत, 8 घायल

### धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन मनाने जुटी थी भीड़

छतरपुर,3 जुलाई। मध्य प्रदेश के मशहूर बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिन से पहले बागेश्वर धाम से बड़े हादसे की खबर सामने आई है। यहां एक टीन सेड गिरने के चलते एक श्रद्धालु की मौत हो गई है। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। अब तक की जानकारी के मुताबिक घायलों की संख्या आठ है, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया है। मृतक का नाम श्याम लाल कौशल है। वह बस्ती जिला के सिकंदरपुर के रहने वाले हैं। 50 साल के कौशल बागेश्वर महाराज के जन्मदिन पर दर्शन करने के लिए अपने परिवार के साथ धाम पर आए थे। वह सबेरे करीब 7:30 बजे अपने परिवार के साथ दरबार के पास खड़े थे, तभी अचानक टीन सेड गिर गया और लोग दब गए। इस हादसे में श्यामलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक सभी बारिश से बचने के लिए टीन शेड की छांव में खड़े थे, तभी अचानक टीन शेड गिरी और उसके नीचे खड़े लोग दब गए।



अचानक हुए हादसे में धक्का-मुक्की और भगदड़ मच गई। कई लोग अपने आपको बचाने में कामयाब हुए, जबकि अन्य इस हादसे का शिकार हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन, शरद चौरसिया ने बताया कि अभी तक हमारे पास तीन लोग आए थे। इसमें एक मरीज मृत अवस्था में लाया गया था, उसका पोस्टमार्टम हो गया है। दूसरे मरीज का सीटी स्कैन चल रहा है, उसकी हालत स्थिर है। अन्य को सामान्य चोटें आई हैं।

## स्पाइसजेट विमान का हवा में उखड़ा विंडो फ्रेम

**नई दिल्ली ,3 जुलाई।** स्पाइसजेट के क्यू400 विमान में उड़ान के दौरान एक घटना घटी, जब एक कॉस्मेटिक विंडो फ्रेम ढीला हो गया और उखड़ भी गया। इसके बाद स्पाइसजेट की तरफ से औपचारिक बयान सामने आया है। बयान में बताया गया है कि यह फ्रेम एक गैर-संरचनात्मक घटक था, जिसका उद्देश्य खिड़की पर छांव प्रदान करना था, और इसका विमान की सुरक्षा या संरचना पर कोई असर नहीं पड़ा। फ्लाइट के दौरान केबिन का प्रेशर सामान्य रहा और यात्रियों की सुरक्षा कभी भी खतरे में नहीं आई। बता दें, क्यू400 विमान में कई सुरक्षात्मक विंडो पैनल होते हैं, जिनमें से बाहरी पैनल का कार्य दबाव सहन करना होता है। यह सुनिश्चित करता है कि विमान के किसी भी कॉस्मेटिक या सतही घटक के ढीले होने पर भी यात्रियों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ता। इस घटक का ढीला होना सिर्फ एक मामूली समस्या थी, जो विमान की संरचना और उड़ान की सुरक्षा को प्रभावित नहीं करती।

यह घटना सामने आने के बाद, स्पाइसजेट की तकनीकी टीम ने विमान को सही तरीके से जांचा और विमान के अगले स्टेशन पर उतरते ही इस विंडो फ्रेम की मरम्मत की गई।

## कर्ज में डूब रहे किसान, लेकिन मोदी सरकार बेफिक्र : राहुल गांधी

**नई दिल्ली,3 जुलाई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला और कहा कि वह किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन है, जबकि किसान दिन-प्रतिदिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं। हिंदी में एक्स पर एक पोस्ट में, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सरकार पर किसानों की कर्ज माफी और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि सोचिए.. सिर्फ 3 महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली। क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं। ये 767 उजड़े हुए घर हैं। 767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे। और सरकार? चुप है। बेरुख़ी से देख रही है। उन्होंने आगे लिखा कि किसान हर दिन कर्ज़ में और गहराई तक डूब रहा है - बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीज़ल महंगा है.. लेकिन एमएसपी की कोई गारंटी नहीं। जब वो कर्ज़ माफ़ी की मांग



करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज़ कर दिया जाता है। लेकिन जिनके पास करोड़ों हैं? उनके लोन मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है। आज की ही खबर देख लीजिए - अनिल अंबानी का ₹48,000 करोड़ का एसबीआई "फ्रॉड"। सरकार पर वार करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी जी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे - आज हाल ये है कि अन्नदाता की ज़िंदगी ही आधी हो रही है। ये सिस्टम किसानों को मार रहा है - चुपचाप, लेकिन लगातार और मोदी जी अपने ही PR का तमाशा देख रहे हैं।



## मोदी को घाना का सर्वोच्च सम्मान

**एक्रॉ,3जुलाई।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को अफ्रीकी देश घाना पहुंचे। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा ने राजधानी एक्रॉ में एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी को 21 तोपों की सलामी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही उन्हें 'घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द आफिसर ऑफ द आर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना'से सम्मानित किया गया। इसके बाद मोदी होटल पहुंचे, जहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। होटल के बाहर भारतीय वेशभूषा में पहुंचे स्कूली बच्चों ने मोदी को संस्कृत में श्लोक सुनाया। इसके बाद उन्होंने घाना के राष्ट्रपति के साथ राजधानी अक्कारा के जुबली हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। मोदी 2 जुलाई से 8 दिनों के लिए 5 देशों की यात्रा पर हैं। वे सबसे पहले घाना गए हैं। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की 30 सालों में पहली घाना यात्रा है। इससे पहले 1957 में पंडित जवाहरलाल नेहरू और 1995 में नरसिम्हा राव बतौर पीएम घाना के दौरे पर पहुंचे थे। घाना के बाद पीएम मोदी त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया जाएंगे। 2014 से अब तक के तीन कार्यकाल में, पीएम की त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में भी पहली यात्रा होगी। मोदी ब्राजील में ब्रीक्स समिट में हिस्सा लेंगे। घाना में भारत का यूपीआई सिस्टम लाने पर बातचीत घाना में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जॉन महामा से मुलाकात की। दोनों नेता के बीच द्विपक्षीय व्यापार और रिश्तों पर चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच एनर्जी, खेती और डिजिटल तकनीक और वैक्सीन हब डेवलप करने के क्षेत्र में कई समझौते साइन होंगे। भारत का यूपीआई और डिजिटल पेमेंट सिस्टम घाना में लाने के बारे में भी बातचीत होगी.

## दो दिन की बारिश ने खोली नगर निगम की पोल

### बस्तियों में घरों में घुसा पानी; करंट लगने से छात्रा की मौत

**कोरबा,3 जुलाई।** शहर के सर्वमंगला नगर, बरेठ मोहल्ला में गुरुवार सुबह 12 वर्षीय छात्रा की करंट लगने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब 7:30 बजे हुई। मृतका के पिता गोपाल निषाद ने बताया कि उनकी बेटी भूमि, दुरपा के कर्म भारती स्कूल में कक्षा छठी की छात्रा थी। वह रोज की तरह सुबह स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी। बिस्तर साफ करने के बाद जब उसने कमरे की लाइट बंद की, तभी वह करंट की चपेट में आ गई। गोपाल ने बताया कि वह चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़े और किसी तरह उसे स्विच से अलग किया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसकी मृत्यु की पुष्टि कर दी।

**बारिश ने बढ़ाई मुसीबत, बोर्ड में आ रहा था करंट**-गोपाल ने बताया कि लगातार बारिश के कारण घर के बिजली बोर्ड में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। हादसे के बाद बिजली लाइन को



बंद किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी पढ़ाई में बहुत होशियार थी और उसे स्कूल जाने का बहुत शौक था। वह निजी स्कूल में पढ़ती थी, जिसके लिए गोपाल मजदूरी करके खर्च जुटाते थे।

**परिवार का सहारा थी भूमि**-गोपाल ने बताया कि भूमि न केवल पढ़ाई में अव्वल थी, बल्कि घर के कामों में मां का हाथ बटाती थी और अपने छोटे भाई से बहुत प्यार करती थी। उसे रील बनाने का भी शौक था और कुछ दिन पहले ही उसने एक रील बनाया था। इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

**पुलिस जांच शुरू, लोगों में शोक**-जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से प्राप्त मेमो के आधार पर परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं और आगे की जांच की जा रही है। इस घटना से परिवार और आसपास के लोगों में शोक की लहर है।

**बिजली सुरक्षा पर ध्यान जरूरी**-इस हादसे ने बिजली सुरक्षा के प्रति लापरवाही को उजागर किया है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि नियमित रूप से बिजली की तारों और उपकरणों की जांच करवानी चाहिए। बिजली उपकरणों का उपयोग करते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें और बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतें। लोगों को बिजली सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की जरूरत है ताकि ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

## शेखर दत्त को राजभवन में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**रायपुर, 3 जुलाई.** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल श्री शेखर दत्त के निधन पर आज राजभवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि हमने सच्चे राष्ट्रसेवक, संवेदनशील प्रशासक और एक महान व्यक्ति को खो दिया है। पूर्व राज्यपाल श्री शेखर दत्त के निधन पर राजभवन में शोक सभा का आयोजन किया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने स्वर्गीय श्री दत्त के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मृतात्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत दुखद क्षण है। श्री शेखर दत्त जी का जीवन अनेक आदर्शों से भरा रहा। वे केवल एक उच्चपदस्थ अधिकारी नहीं थे, बल्कि एक वीर सैनिक और एक संवेदनशील जनसेवक भी थे। उन्होंने भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी के रूप में सेवा दी थी और वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में भाग लिया था। देश के लिए उनके इस वीरता और साहस पर हम सभी को गर्व है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि चाहे आप सैनिक हों, प्रशासक हों या नागरिक, देशसेवा का जज्बा और मानवीय संवेदनाएं ही किसी को महान बनाती हैं। श्री डेका ने




कहा कि सेना से भारतीय प्रशासनिक सेवा में आए शेखर दत्त जी ने अपने करियर में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया।

## मालकिन ने डांटा तो नौकर ने मां-बेटे को काट डाला

**नई दिल्ली ,3 जुलाई ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दोहरे हत्याकांड से लोग दहशत में है। लाजपत नगर में एक महिला और उसके बेटे की घर में घुसकर हत्या की गई है। कातिल ने मां-बेटे का गला रेत दिया, जिससे मौत हो गई। इस डबल मर्डर केस में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने इसकी पुष्टि की। फिलहाल मृतकों की पहचान लाजपत नगर-1 इलाके की रहने वाली 42 वर्षीय रुचिका सेवानी और उसके 14 वर्षीय बेटे कृष सेवानी के रूप में हुई है।

## कूरियर एजेंट बनकर युवती से किया रेप

**पुणे,3 जुलाई।** महाराष्ट्र में पुणे के कोंडवा इलाके की पोश सोसाइटी में बुधवार को एक 22 साल की युवती से रेप का मामला सामने आया है. कथित तौर पर आरोपी डिलीवरी एजेंट बनकर लड़की के फ्लैट में आया और उसने अपराध को अंजाम दिया. पुलिस के अनुसार, हमले के समय पीड़िता घर पर अकेली थी क्योंकि उसका भाई किसी काम से बाहर गया हुआ था. दरवाजे को नॉक करने के बाद आरोपी ने बाहर आई युवती के आगे खुद को कूरियर डिलीवरी बॉय बताकर कहा कि बैंक से आपका लेटर आया है, आपको रिसीविंग के लिए साइन करने होंगे. जब युवती ने पेन मांगा तो उसने जवाब दिया कि उसके पास पेन नहीं है. इसके बाद जैसे ही महिला पेन लेने के लिए अपने बेडरूम में गई, आरोपी ने मौके का फायदा उठाया और मेन डोर को अंदर से बंद कर घर में घुस गया. इसके बाद उसने कथित तौर पर महिला के साथ बलात्कार किया. प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि आरोपी ने युवती को बेहोश करने के प्रयास में उस पर कोई पदार्थ छिड़का था. डीसीपी शिंदे के अनुसार, उसने महिला के मोबाइल फोन पर एक सेल्फी भी ली और कथित तौर पर एक धमकी भरा संदेश लिखा. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की एक फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. डीसीपी शिंदे ने कहा, 'संभावना है कि आरोपी ने पीड़िता को बेहोश करने के लिए किसी तरह के स्प्रे का इस्तेमाल किया हो. फिलहाल, पुणे पुलिस की 10 टीमें आरोपी की तलाश में जुटी हैं.' शिकायत के मुताबिक, महिला ने आरोपी से कहा था कि उसने कोई कूरियर नहीं मंगाया है. इसके बावजूद, वह जबरन फ्लैट में घुस गया था. भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 और 77 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है.

## एक नजर

### ब्राउन शुगर बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 3 जुलाई।** भिलाई प्रतिबंधित ब्राउन शुगर एवं नशीली दवाइयां की बिक्री करने वाले आरोपी को दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 11.530 ग्राम ब्राउन शुगर तथा 900 नशीली दवाइयां (टैबलेट) जब्त की गई है पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है उप पुलिस अधीक्षक ममता अली शर्मा दुर्ग सिटी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि नेतृत्व में नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था इसी के तहत मुखबिर से सूचना मिली कि शीतला नगर प्रीति सिंगार सदन के सामने एक व्यक्ति अवैध धन अर्जित करने के उद्देश्य से प्रतिबंधित मादक पदार्थ ब्राउन शुगर और नशीली दवाइयां (टैबलेट) रखकर बचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है सूचना मिलते ही पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए उस व्यक्ति को पकड़ा टीम ने आरोपी विकास पोहेकर 20 वर्ष पिता मुकेश पोहेकर निवासी जयंती नगर थाना मोहन नगर को पकड़ा उसके पास से कुल 11.530 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी कीमत 35,000 रुपए है तथा 900 नग नशीली (टैबलेट) जिसकी कीमत 9000 रुपए थी, को जब्त किया है आरोपी के खिलाफ धारा 21 (ख), 27 (क) के तहत अपराध दर्ज किया गया था।

### बीएसपी ने ब्लूम गुणवत्ता में किया ऐतिहासिक सुधार

**भिलाई, 3 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने गुणवत्ता संवर्द्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में ब्लूम कास्टिंग की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। यह सुधार विशेष रूप से मशीन-5 से उत्पादित ब्लूम्स की गुणवत्ता में देखने को मिला है, जो रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल तथा यूनिवर्सल रेल मिल के लिए प्रमुख आपूर्ति स्रोत है।

### सौर ऊर्जा से राजीव दंडोना के घर का बिजली बिल हुआ आधा

**दुर्ग, 3 जुलाई ।** ग्राम धनोरा के निवासी राजीव दंडोना ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घर में सोलर पैनल लगाकर एक प्रेरणादायक कदम उठाया है। उन्होंने बताया ष्मैंने सतत ऊर्जा को बढावा देने वाला यह रूफ्टॉप सोलर पैनल लगवाया ताकि स्वयं भी बिजली की बचत करूँ और दूसरों को भी प्रेरित कर सकूँ।ष् राजीव बताते हैंए रूफ्टॉप सोलर पैनल लगवाने के बाद बिजली बिल घटकर आधा हो गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब बिजली जाने का डर नहीं रहता। पंखेए लाइटए टीवीकृसब कुछ बिना रुकावट चलता है। ऐसा लगता है जैसे घर में खुद का छोटा पॉवर स्टेशन हो।ष् उन्होंने शासन को धन्यवाद देते हुए सभी नागरिकों से इस योजना का लाभ उठाकर अपने घरों को स्वच्छ और आत्मनिर्भर ऊर्जा से रोशन करने की अपील की है।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 4 जुलाई को

**दुर्ग, 3 जुलाई ।** सर्वोच्च न्यायालयए नई दिल्ली एवं परिवहन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता ब?ाने हेतु जिले में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में 04 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले के सभी माननीय विधायकगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

### छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज का बैठक 5 जुलाई को

**अंवरी।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज तहसील कुरुद जिला धमतरी का बैठक 05 जुलाई को समय 12 बजे आदिवासी सामुदायिक भवन कुरुद में आहूत किया गया है। इस बैठक में आगामी विश्व आदिवासी दिवस अगस्त 2025 के तैयारी सबंध में, आदिवासी धर्म कालम जनगणना के सबंध में एवं संवैधानिक हक और अधिकार/सामाजिक गतिविधियों पर पर विचार विषयों पर चर्चा किया जायेगा । यह जानकारी देवनाथ नेताम अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तह. कुरुद ने दिया।

### बरसात में करंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने विद्युत विभाग ने की अपील

**राजनांदगांव/कवर्धा, 3 जुलाई।** बरसात का मौसम आते ही बिजली के करंट का खतरा बढ़ जाता है एवं बिजली के खंभों, एचटी लाइन, तारों और घर पर करंट के कारण कई हादसे देखने को मिलते हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। इसका कारण जानकारी का आभाव है। बिजली की लाइनों और घरों में प्रवाहित होने वाले करंट से बचने के लिए विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र सभी चारों जिलों के समस्त गणमान्य जनो को सचेत करते हुए कहा है कि जरा सी असावधानी की वजह से करंट बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर एवं उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आंधी-तफान में खंबे, तार आदि टूटे हों, जोन कार्यालय में दें।

# आयुक्त ने किया अंडरब्रिज में प्रस्तावित सोलर पैनल स्थल का निरीक्षण



**भिलाई, 3 जुलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज में जलभराव के निदान हेतु ओपनवेल सबमर्सिबल पम्प एवं जनरेटर संचालित करने हेतु क्रेडा विभाग के माध्यम से सोलर पैनल स्थापित किया जाना है। जिसका स्थल निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन टीम के साथ पहुंचे। अंडरब्रिज में बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित होती है और आवागमन बाधित होता है। ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लांट एवं ओपन वेल सबमर्सिबल पम्प स्थापना कार्य लगभग 35 लाख की लागत से स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, इसके लगने से नागरिकों को आवागमन में बहुत सुविधा मिलेगी और विद्युत व्यय में कमी आएगी। आयुक्त पाण्डेय सेक्टर 02 अंतर्गत निर्माणाधीन आस्था वृद्धाश्रम का अवलोकन किए और कार्य का जायजा लेते हुए गुणवत्ता युक्त, समयावधि में कार्य कराने हेतु कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किये। संत गुरु घासीदास उद्यान, करतार सिंह उद्यान, त्रिमूर्ति उद्यान का निरीक्षण कर उद्यानों में गाजर घास की साफ-सफाई, घास कटाई एवं अन्य व्यवस्था बनाये रखते हुए वृक्षारोपण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। समीपस्थ निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर आवश्यक रखरखाव हेतु उप अभियंता शंकरसुवन मरकाम को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि हरीश सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वास्थ्य निरीक्षक चुर्णामणी यादव, श्याम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## सर्विस रोड पर बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफ की कार्रवाई



**भिलाई, 3 जुलाई।** भिलाई के मुख्य मार्ग जी. ई. रोड से लगे सर्विस रोड में बेतरतीब खड़े दो पहिया एवं चौ पहिया वाहनों को व्यवस्थित कर यातायात को सुगम बनाने नगर निगम एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्यवाही किया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर में लगातार बढ रहे यातायात दबाव को कम करने तथा सुगम और व्यवस्थित आवागमन के लिए जी. ई. रोड से लगे सर्विस रोड में बेतरतीब खड़े वाहनों को हटाने तथा चालानी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जोन दो वैशाली नगर का राजस्व अमला सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे के नेतृत्व में यातायात पुलिस की टीम के साथ चन्द्र मौर्य सिनेमा चौक से सर्विस रोड में खड़े वाहनों को हटाया गया तथा वाहन मालिकों को समझाईस दिया गया कि आगामी दिनों में वाहन सड़क पर पाये जाने पर चालानी तथा जब्ती की कार्यवाही किया जायेगा। कार्यवाही के दौरान वार्ड प्रभारी कार्तिक, मदन मोहन तिवारी, समीर अहमद, गुप्तानंद तिवारी, हरिओम गुप्ता, कृष्ण कुमार सुपैत,मंगल कुर्रे, आदि शामिल रहे।

# फर्जी अधिकारी बनकर उगाही वाले वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 3 जुलाई।** भिलाई शातिर बदमाश सहित तीन लोगों को स्मृति नगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है इन बदमाशों ने मोबाइल चोरी के केस में फंसाने और मारपीट कर क्राइम ब्रांच का फर्जी अधिकारी बनकर 24 हजार रुपए की उगाही की। आरोपियों से दो नग मोटर साइकिल, तीन मोबाइल एवं 3000 रूपए नगद जब्त कर लिया है 7 स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी दुर्गा प्रसाद नायक ( 38 साल ) निवासी नेहरू नगर ईस्ट सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वेदान्त चौरसिया ने फोन कर क्राइम ब्रांच भिलाई से बोल रहा हूं कहकर आपके साथी किशोर कुमार उर्फ रॉकी एमबीबीएस पकड़ाया है। इसके द्वारा केस में आपके भी मोबाइल का नाम ले रहा है। कहकर इमली तालाब के पास बुलाया प्रार्थी इमली तालाब गया, जहां एक व्यक्ति मोटर साइकिल में आया और अपने आपको क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर प्रार्थी को थप्पड़ मारा मारपीट की तो प्रार्थी डर गया। तब उसके सहयोगी रॉकी, अमन ने केस रफा-दफा करने के लिए 24000 रूपये की मांग कर वसूली की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला (चौकी स्मृतिनगर) में धारा 319(2), 308(2), 204,61(2), 111(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कथा-कथित क्राइम ब्रांच के अधिकारियों भूपेन्द्र सोनी एवं वेदान्त की तलाश के दौरान प्रार्थी को चौकी स्मृति नगर में लगे गुण्डा बदमाश फ्लेक्स को दिखाने पर कथित क्राइम ब्रांच का अधिकारी भूपेन्द्र सोनी की पहचान की। इस पर तत्काल पुलिस टीम आरोपी भूपेन्द्र सोनी निवासी बजरंग पारा कोहका की तलाश कर बजरंग पारा सुपेला स्थित निवास में दबिश देकर पकड़कर पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि अपने साथी वेदान्त निवासी हाउसिंग बोर्ड कोहका, अमन आर्य नगर कोहका एवं किशोर कुमार उर्फ रॉकी के साथ मिलकर दुर्गा प्रसाद नायक, लेखापाल अधिकारी के साथ योजनाबद्ध तरीके से मोबाइल चोरी के केस में फंसाने के लिए इमली तालाब के पास बुलाकर हाथ मुक्का से मारपीट कर डरा धमका कर 25000 रूपये की मांग की। उसके पास पैसा नहीं होने से साथी वेदान्त चौरसिया ने अपने मोटर साइकिल में बैठाकर च्वाईस सेंटर से 24000 रूपये निकलवा कर आपस में बंटवारा किया गया । पुलिस ने तीनों आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भूपेन्द्र सोनी के विरूद्ध थाना चौकी स्मृतिनगर (थाना सुपेला) में 5 प्रकरण एवं थाना जामुल में एक प्रकरण पंजीबद्ध है।



## इस्पात गलन शाला में राजभाषा कार्यशाला आयोजित

**भिलाई, 3 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला क्रमांक-3 विभाग के वेलफेयर बिल्डिंग-5 स्थित सभागार में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक त्रिभुवन बैठा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुश्री पुष्पा एम्ब्रोस, महाप्रबंधक डी. विजित व दिलीप वार्ष्णेय, उप महाप्रबंधक कमल किशोर, हितेश डोंगरे, रजत सरकार, जावेद अहमद अंसारी, सहायक महाप्रबंधक प्रकाश आत्मपूज्य, वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री श्रुति पाण्डेय, उप प्रबंधक सुश्री पुष्पा गढ़े एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# बीएसपी सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता में पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन की टीम विजेता



भिलाई, 3 जुलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधकगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्रतियोगिता में पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन की टीम सेफ टेक इनोवेटर ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ब्लास्ट फर्नेस की टीम सुरक्षा सेना प्रथम उपविजेता तथा कोक ओवन की टीम शौर्य द्वितीय उपविजेता रही। इसके अतिरिक्त एसएमएस-2 की टीम अभिनव, रिक्लेमेशन शॉप की टीम सवेरा तथा एसएमएस-2 की ही टीम कवच को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू द्वारा सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाकर की गई।

### कलेक्टर ने किया राशन दुकान एवं सहकारी समिति सोमाटोला का निरीक्षण


**मोहला 3 जुलाई ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज उचित मूल्य राशन दुकान रेंगाकठेरा एवं सहकारी समिति सोमाटोला का आकस्मिक निरीक्षण की। कलेक्टर ने रेंगाकठेरा शासकीय उचित मूल्य दुकान में हितग्राहकों को किए जा रहे तीन माह के चावल वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने यहां समिति प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि हितग्राहियों को तीन माह का राशन वितरण पारदर्शिता से करें। हितग्राहियों को सही मात्रा में नाप तौल कर चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री वितरित करने निर्देशित किया।



## मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल के कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि सम्मान

**भिलाई, 3 जुलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल्स ज़ोन-1 के अंतर्गत मर्चेंट एंड वायर रॉड मिल विभाग द्वारा कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक मुनीश कुमार गोयल उपस्थित रहे। मर्चेंट मिल विभाग से इंजीनियरिंग एसोसिएट रविकांत महाजन, इंजीनियरिंग एसोसिएट तिलक राज, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट दीपेश कुमार विश्वास, जूनियर इंजीनियर के.बी. रोशन, चार्जमैन कम मास्टर तकनीशियन मोहन लाल सिन्हा एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट अश्विनी कुमार साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं वायर रॉड मिल विभाग से इंजीनियरिंग एसोसिएट समी उल्लाह, इंजीनियरिंग एसोसिएट गैंद लाल ठाकुर, जूनियर इंजीनियर रमेश कुमार, इंजीनियरिंग एसोसिएट जागेश्वर सिंह ठाकुर, इंजीनियरिंग एसोसिएट भागीरथी सिन्हा एवं इंजीनियरिंग एसोसिएट वी. रामचंद्र राव को कर्म शिरोमणि सम्मान प्रदान किया गया।

# विश्वास एवं आशा के प्रतीक होते हैं डॉक्टर:हरितवाल



**भिलाई, 3 जुलाई।** डॉक्टर्स एवं सी.ए. डे के अवसर पर बुधवार को लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट एवं वी क्लब द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों एवं चार्टर्ड एकाउंट्स का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में लायन डॉ. निरंजन हरितवाल एवं विशेष अतिथि वरिष्ठ दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ मंजू यादव एवं सीए विवेक गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। अध्यक्ष बबीता सोनी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि डॉ. निरंजन हरितवाल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉक्टरों को समाज का महत्त्वपूर्ण अंग बताते हुए कहा कि डॉक्टर विश्वास एवं आशा के प्रतीक होते हैं। मरीज की जान बचाने वाले किसी फ़रिश्ते से कम नहीं। डॉ हरितवाल ने कहा कि डॉक्टरों के साथ ही चार्टर्ड एकाउंट्स का भी हमारे समाज में बहुत महत्व है। पर्यावरणीय संकट एवं जलवायु परिवर्तन के इस दौर की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए डॉ. हरितवाल ने कहा कि ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। लायन अनिता अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि डॉक्टर भगवान के दूसरे रूप होते हैं। बच्चे के जन्म से लेकर बड़े-बुजुर्गों की तकलीफ हर जगह चिकित्सक ही हैं जो हमें राहत देते हैं और हमारे स्वस्थ एवं सुंदर जीवन में सहभागी बनते हैं। अनीता अग्रवाल ने कहा कि हमें अपने सम्माननीय डॉक्टर्स का सदैव सम्मान करना चाहिए। विशेष अतिथि डॉ मंजू यादव ने कहा कि सचमुच में डॉक्टरों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। सीए विवेक गुप्ता ने भी डॉक्टर्स एवं सीए के कार्यों को समाज के लिए महत्त्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती ऋतु एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती अर्चना गुप्ता ने किया। दोनों क्लबों के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड एकाउंट्स का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संतोष अग्रवाल, पूर्व साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, राजू शर्मा, प्रभा पटेल, सुनीता अग्रवाल, अनीता गोयल, दिवाकर अवस्थी, कविता गोयल, सज्जन अग्रवाल, लायन मंजू शर्मा, प्रमिला मित्तल, आदि सदस्य उपस्थित थे।

## एसईसीएल की भूमि अधिग्रहण परियोजना में बड़ा फर्जीवाड़ा

**कटघोरा।** कोरबा जिले के दीपका क्षेत्र में एसईसीएल (स्थ्रष्टरु) की विस्तार परियोजना के तहत ग्राम मलगांव में किए गए भूमि अधिग्रहण के दौरान भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। जांच में मुआवजा सूची में शामिल 152 मकान काल्पनिक पाए गए हैं, जिन्हें मौके पर मौजूद ही नहीं पाया गया। इस खुलासे के बाद एसडीएम ने एसईसीएल प्रबंधन को पत्र लिखकर मुआवजा निरस्त करने को कहा है।इस मामले में जांच का आदेश कलेक्टर ने दिया था, जिसके तहत एसडीएम कटघोरा ने मलगांव में चिन्हांकित परिसंपत्तियों की गहन जांच की। जांच में यह सामने आया कि मुआवजे के लिए प्रस्तुत की गई सूची में 152 मकानों का भौतिक अस्तित्व ही नहीं है।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा ने बताया कि मई 2025 में ग्राम मलगांव में स्थित परिसम्पत्तियों को हटाकर पूर्णतः विस्थापित किये जाने के दौरान यह ज्ञात हुआ कि मेजरमेंट बुक के अनुसार भौतिक रूप से परिसंपत्तियां उपलब्ध नहीं है।इस संबंध में एसईसीएल दीपका के द्वारा 78 ऐसे मकानों की सूची उपलब्ध कराई गई, जो मौके पर स्थित नहीं हैं, अर्थात काल्पनिक मकान है।इसी प्रकार विस्थापन के दौरान मौके पर उपस्थित राजस्व अधिकारी और कर्मचारी द्वारा 74 मकानों की सूची, जिसमें वर्ष 2018 से 2022 के गूगल अर्थ की फोटो संलग्न की गई। गूगल अर्थ की फोटो के अवलोकन से स्पष्ट रूप से पाया गया कि उक्त 74 मकान भी मौके पर स्थित नहीं हैं।कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह ने बताया कि मलगांव का विस्थापन किया जा रहा था तो गूगल अर्थ से जो फोटो मिली उससे जानकारी प्राप्त हुई की 152 ऐसे मकान हैं जो मौके पर मौजूद नहीं थे। उन्हीं की निरस्ती के लिए एसईसीएल को दीपका को पत्र भेजा गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिसे मुआवजे का भुगतान कर दिया गया है ऐसे लोगों से रिकवरी किया जाएगा।कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह ने बताया कि मलगांव का विस्थापन किया जा रहा था तो गूगल अर्थ से जो फोटो मिली, उससे जानकारी प्राप्त हुई कि 152 ऐसे मकान हैं जो मौके पर मौजूद नहीं थे। उन्हीं की निरस्ती के लिए एसईसीएल दीपका को पत्र भेजा गया है। साथ ही उन्होंने यह भी

# आम लोगों को राहत देने अवैध निर्माण पर नहीं होगी सजा

**रायपुर, 3 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार आम लोगों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है. इसके लिए विधानसभा के मानसून सत्र के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास विधेयक तैयार किया जा रहा है. इसमें बहुत सारी बातों को शामिल किया गया है, जिनमें अवैध तरीके से घर, दुकान या कॉम्प्लेक्स बनाने पर तीन माह की सजा के प्रावधान को खत्म कर केवल 50 हजार रुपए जुर्माना लगाने की तैयारी है.

विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किए जाने वाले इस विधेयक के प्रारूप को राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है. इसके तहत प्रदेश के नगर तथा ग्राम निवेश, आबकारी, छत्तीसगढ़ सोसायटी पंजीकरण अधिनियम और छत्तीसगढ़ औद्योगिक अधिनियम में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं. सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाने की तैयारी है. जबकि अभी 2000 रुपए जुर्माने का प्रावधान है.औद्योगिक संबंध अधिनियम भी होगा बदलावऔद्योगिक संबंध अधिनियम की धारा 86 से 93 औद्योगिक दल अधिकारिकरण और अन्यों से संबंधित है. इनमें औद्योगिक विवादों की सूचना, सुलह प्रक्रिया, न्यायधिकरण का गठन और उनके अधिकार क्षेत्र, और अन्य संबंधित पहलू शामिल है. इस तरह के मामलों में अधिकतम जुर्माने की 50त्न राशि जमा करने का प्रावधान किया जा सकता है.इसी तरह उपधारा के मुताबिक, पिछली बार के इसी तरह के मामले में फैसला आने के बाद दूसरी बार अपराध पर यह लागू नहीं होगा. उपधारा एक में प्राधिकृत अधिकारी राज्य सरकार के निर्देश के मुताबिक, ऐसे अपराध के केस को खत्म करने के लिए अपनी शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा. यदि कोई व्यक्ति जिम्मेदार अधिकारी के आदेश का पालन नहीं करता है तो उस पर जुमाने के अतिरिक्त अधिकतम जुर्माने की 20त्न राशि भुगतान करनी होगी.

नगर-ग्राम निवेश अधिनियम में भी होगा बदलावनगर-ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 69 ख की उपधारा 2 के मुताबिक घर, कॉम्पलेक्स या अन्य चोनों का नियम विरुद्ध निर्माण पर तीन माह की सजा या 50 हजार जुर्माना या दोनों हो सकते हैं. प्रस्तावित रोशन इसमें पचास हजार का जुर्माना लगाया जाएगा. धारा 69 की उपधारा 4 में तीन माह की सजा या पांच हजार रुपए के जुर्माने है, जबकि आगामी प्रावधान संशोधन 25 हजार रुपए दंड का प्रावधान हो रहा है.

धारा 77 की उपधारा दो के तहत निजी शौचालय के लिए ग्राम पंचायत द्वारा शौचालय चलाने वाले को फंड का भुगतान करना होगा. नहीं करने पर इस

# नमी राय एवं कृष्णा भारतीय पावर लिफ्टिंग टीम में शामिल





**भिलाई, 3 जुलाई।** हिमेजी (जापान) में 5 से 14 जुलाई तक होने वाली एशिया-अफ्रीका-पैसिफ़िक अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु भारतीय टीम में रायपुर के नमी राय पारीख का चयन खिलाड़ी के रूप में तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के कृष्णा साहू चयन प्रशिक्षक के रूप में हुआ है । भारतीय टीम में छत्तीसगढ़, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान राज्य के 34 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं निर्णायक शामिल हैं । भारतीय टीम दिनांक 4 जुलाई को दिल्ली से रवाना होगी । उल्लेखनीय है कि नमी राय का चयन लुधियाना (पंजाब) में संपन्न राष्ट्रीय क्लासिक सीनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर भारतीय टीम में शामिल किया गया है । नमी राय का यह पहला अवसर है जब वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारतीय पावरलिफ्टिंग टीम का हिस्सा बनी है जबकि श्री कृष्णा साहू का भारतीय टीम में प्रशिक्षक के रूप में चयनित होने का यह 20वा अवसर है । उल्लेखनीय है कि श्री कृष्णा साहू ने खिलाड़ी के रूप में वर्ष 1989 से 2002 तक 15 बार अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर भारत देश, छत्तीसगढ़ राज्य एवं भिलाई इस्पात संयंत्र का गौरव बढ़ाया है । नमी राय पारीख और कृष्णा साहू को भारतीय टीम में शामिल किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद विजय बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष एवं विधायक रिकेश सेन, राजेंद्र प्रसाद सहित छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने बधाई दी है ।

### प्रवेशोत्सव में दिखी मुंडा जनजाति की संस्कृति की झलक

**मोहला 3 जुलाई।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोहला के प्रांगण में आज जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री इंद्र शाह मंडावी विधायक मोहला-मानपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुंडा जनजाति की जीवनशैली पर विशेष प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

संपादकीय

## ऐसा हुआ है, ऐसा हो सकता है

राजनीति में किसी कारण से एक घटना होती है तो उसी कारण से फिर वैसी घटना हो सकती है। ऐसी घटनाएं एक से अधिक बार कई राज्यों में हुईं है, इसलिए राजनीतिक दल के नेता पार्टी के आलाकमान व बड़े नेताओं को आगाह करते हैं कि अगले चुनाव में पार्टी चुनाव हारने वाली है। पार्टी नेताओं का काम आलाकमान व बड़े नेताओं का आगाह करना होता है, कर्नाटक के कांग्रेस विधायकों ने पार्टी के बड़े नेताओं व आलाकमान को आगाह कर दिया है कि डीके शिवकुमार के साथ पार्टी के 100 से ज्यादा विधायक हैं। यदि उनको वादे के मुताबिक कर्नाटक का सीएम नहीं बनाया गया तो पार्टी अगला चुनाव नहीं जीत पाएगी। ऐसा छत्तीसगढ़ में हुआ है इसलिए माना जा रहा है कि ऐसा कर्नाटक में भी हो सकता है। जैसी स्थिति आज कर्नाटक में है, वैसी ही स्थिति 2018 में छत्तीसगढ़ में थी। यहां चुनाव के बाद सीएम पद के दो दावेदार थे, भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव। किसी एक को सीएम बनना था, लेकिन दोनों मान नहीं रहे थे तो माना जाता है कि दोनों को यह कहकर मनाया गया कि दोनों को सीएम बनाया जाएगा, दोनों ढाई ढाई साल सीएम रहेंगे। पहले भूपेश बघेल को सीएम बनाया गया। वह सीएम बनने के बाद कर्नाटक के सीएम सिध्दारमैया की तरह सीएम की कुर्सी छोडऩे को तैयार नहीं हुए। इससे आज जैसी स्थिति कर्नाटक में है, वैसी ही स्थिति छत्तीसगढ़ में बनी थी। ढाई साल आलाकमान ने भूपेश बघेल को हटाकर टीएस सिंहदेव का सीएम नहीं बनाया। तब छत्तीसगढ़ में किसी विधायक या टीएस सिंहदेव ने यह नहीं कहा था कि अगला चुनाव कांग्रेस हार जाएगी। लेकिन हुआ यही था जब विधानसभा चुनाव हुआ तो कांग्रेस छत्तीसगढ़ में चुनाव हार गई थी। इसकी वजह यह मानी गई थी भूपेश बघेल अकेले चुनाव नहीं जिता सके, टीएस सिंहदेव ने पिछली बार तरह सहयोग नहीं किया। कर्नाटक में 2023 का विधानसभा चुनाव सिध्दारमैया व शिवकुमार दोनों ने मिलकर जिताया था। शिवकुमार व उनके समर्थक विधायक चाहते हैं वादे के मुताबिक शिवकुमार को सीएम बनाया जाए, नहीं बनाया गया तो हो सकता है वही हो जो छत्तीसगढ़ में टीएस सिंहदेव का सीएम नहीं बनाने पर हुआ था।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आप कुछ बेवजह के कामों को लेकर भी परेशान रहेंगे। आप माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आपको उनकी सेहत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती हैं। आपके साथ बिजनेस में कोई धोखा होने की संभावना है, इसलिए आप अपने आंख और कान खुले रखें। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह बोलने से बचें। आप किसी परिजन के घर दावत पर जा सकते हैं।

वृषभ आज का दिन आपके लिए कार्यक्षेत्र में बढ़िया रहने वाला है। आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा और आपकी कोई अटकी डील फाइनल हो सकती है, लेकिन आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें और उनसे कोई ऐसी बात ना बोले, जो कि उन्हें बुरी लगे। आप अपने रहने सहन के स्तर में सुधार लाएंगे और अपने घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू कर सकते हैं, जिसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई करने की सोचेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी धार्मिक कामों में भी काफी रुचि रहेगी, लेकिन आप किसी नए काम की शुरुआत करें, तो उसके लिए आप पूरी लिखा पढ़ी करके आगे बढ़ना होगा। आपको आज भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। शेयर मार्केट में आपके किसी एक्सपर्ट की राय लेना बेहतर रहेगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में बदलाव लाने के लिए रहेगा। आपके मनमौजी कामों से आपके सहयोगी भी परेशान रहेंगे। आप बेवजह किसी किसी से न उलझें, नहीं तो इससे लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। आप कोई फैसला उन पर ना डालें, आपको सिरदर्द और बदनदर्द आदि जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा ध्यान रखना होगा।

सिंह आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता हो सकता है। यदि आपने किसी से कोई कर्ज लिया था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। आपको अपने आप पड़ोस में किसी वाद-विवाद की स्थिति से बचने की आवश्यकता है। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

कन्या आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आप अपने बिजनेस में कुछ नए उपकरणों को शामिल कर सकते हैं। पार्टनरशिप आप थोड़ा देखभाल कर ही करें। आप संतान के लिए कोई लैपटॉप और मोबाइल की खरीदारी कर सकते हैं। आपका कोई पुराना प्यार वापस आ सकता है, जिससे आपके गृहस्थ जीवन में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। आपके मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य थोड़ा परेशान रहेंगे।

तुला आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपकी किसी बात से आज माताजी परेशान रहेंगी। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। वाहनों के प्रयोग से आपको थोड़ा सावधान रहना होगा, क्योंकि वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आज आप सोच समझकर कामों को पूरा करेंगे, लेकिन उस पर आपका खर्चा भी अधिक होगा। जीवनसाथी यदि आपसे नाराज चल रही थी, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करेंगे।

वृश्चिक आज का दिन आपके मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आप उसमें चुप रहेंगे। आपको किसी काम को लेकर अपने पिताजी से सलाह लेनी पड़ सकती हैं। आप अपनी जिम्मेदारियों से बिल्कुल पीछे ना हटें। आपके परिवार में सदस्यों में एकजुटता बनी रहेगी और किसी मांगलिक उत्सव की तैयारी भी शुरू हो सकती है। नौकरी के लिए कोई सदस्य घर से दूर जा सकता है। आपको किसी नए वाहन के खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

धनु आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आप किसी गलत इन्वेस्टमेंट को करने से बच सकते हैं। प्रॉपर्टी में थोड़ा सोच समझकर ही हाथ बढ़ाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को मनपसंद काम मिलने से उनके कुछ विरोधी हो सकते हैं, जो उनके बॉस से चुगली लगा सकते हैं, आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाएंगे।

मकर आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपको अपने कामों को लेकर धैर्य और संयम बनाए रखना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दोस्तों का आपको पूरा साथ मिलेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है। शेयर मार्केट में आप थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपनी नौकरी में मन मुताबिक काम ना मिलने से थोड़ा परेशान रहेंगे। किसी दूसरी नौकरी के लिए आप ट्राई कर सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों को थोड़ा समझदारी दिखाते हुए कामों को करना होगा और आप किसी अजनबी पर भरोसा बिल्कुल ना करें।

मीन आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी। यदि किसी काम को लेकर आपके मन में संशय चल रहा है, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़ें। जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें अपने गुरुजनों का पूरा साथ मिलेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

चर्चित मुद्दा

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

ललित गर्ग



दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।



फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी। महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी। हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा। किसी भी राज्य में भाषा का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर दूसरी भाषाओं को अपमानित करना न तो संवैधानिक है और न ही नैतिक। भाषायी सह-अस्तित्व के लिये महाराष्ट्र में मराठी को सर्वोच्च स्थान मिले, लेकिन हिंदी भाषा को भी सम्मान मिले, यह संतुलन ही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है। स्कूलों में मराठी, हिंदी और अंग्रेजी- तीनों भाषाओं को समुचित महत्व देकर बच्चों में बहुभाषिक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल भाजपा एवं केन्द्र सरकार को घेरने के लिये जिस तरह भाषा, धर्म एवं जातियता को लेकर आक्रामक रवैया अपनाते हुए देश में अशांति, अराजकता एवं नफरत को फैला रहे रहे हैं, यह चिन्ताजनक है। महाराष्ट्र में हिन्दी का विरोध आश्चर्यकारी है। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है।

अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस विशेष

# पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण का कसता शिकंजा

डॉ. प्रितम भि. गेडाम



दुनियाभर में जितने भी आविष्कार हुए, वो मानवजाती के विकास में सहयोग हेतु हुए, परंतु मानव ने अपनी आवश्यकताओं की सीमा को तोड़कर मनमानी शुरू कर दी और अपने साथ ही समस्त जीव सृष्टि के लिए विनाश का बिगुल फूंक दिया। ऐसा ही प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे पृथ्वी के लिए बड़ी समस्या बना है। धरती, आकाश, जल, हवा संपूर्ण वातावरण में प्लास्टिक प्रदूषण ने जीवन के लिए खतरा पैदा किया है और यह खतरा तेजी से घातक स्तर पर बढ़ रहा है, फिर भी लोग समझने को तैयार नहीं है। हम अक्सर देखते हैं कि विशिष्ट प्लास्टिक बैग और अन्य प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से धड़ल्ले से उपयोग की जाती है। प्लास्टिक प्रदूषण जीवन चक्र को बाधित करके नुकसान पहुंचा रहा है। इसी समस्या की गंभीरता को समझने के लिए हर साल 3 जुलाई को "अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस" मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम "एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करके उसके टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देना" यह है। यह थीम डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देता है और पुनः प्रयोज्य विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना भी है। संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम अनुसार, हर साल 460 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है। प्लास्टिक का इस्तेमाल लगभग सभी औद्योगिक गतिविधियों में, निर्माण में, वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि तक और सभी उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। साल 2019 में पर्यावरण में वैश्विक प्लास्टिक कचरे में से 88 प्रतिशत या लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन मैक्रोप्लास्टिक था, जो सभी पारिस्थितिकी तंत्रों को प्रदूषित करता है। दुनिया का अधिकतर प्लास्टिक प्रदूषण बोतलों, कैप, शॉपिंग बैग, कप, स्ट्रॉ जैसे सिंगल-यूज़ उत्पादों से आता है। रोजाना दुनिया के महासागरों, नदियों और झीलों में 2,000 ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जाता है। यूएनईपी 2025 अनुसार, अब तक उत्पादित प्लास्टिक का केवल 9 फीसदी ही रीसाइकिल किया गया है, शेष वातावरण में प्रदूषण के रूप में मौजूद है। ईएमएफ 2016 अनुसार, साल 2050 तक, समुद्र में मछलियों से ज़्यादा प्लास्टिक हो सकता है। यूके सरकार 2018 अनुसार, हर साल समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण से 100,000 से अधिक समुद्री स्तनधारी और दस लाख समुद्री पक्षी मारे जाते है। सभी समुद्री कूड़े में प्लास्टिक 80 प्रतिशत है। प्लास्टिक हजार साल तक नष्ट न होनेवाला अपशिष्ट है, 1950 से अब तक दुनिया भर में 9.2 बिलियन टन से ज़्यादा प्लास्टिक का उत्पादन हुआ है, जिसमें से लगभग 7 बिलियन टन कचरे के रूप में गया है। स्टेटिस्टा दर्शाता है कि, पिछले चार दशकों में वैश्विक प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन में सात गुना वृद्धि हुई है। एशिया वह क्षेत्र है जो सबसे अधिक अप्रबंधित प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जो वैश्विक कुल का 65 प्रतिशत है। प्लास्टिक प्रदूषण हमारे भोजन, पिने के पानी और हमारे द्वारा साँस ली जाने वाली ऑक्सीजन के माध्यम से भी हमारे शरीर में प्रवेश करता है। सौर विकिरण, हवा, धाराओं और अन्य प्राकृतिक कारकों के कारण, प्लास्टिक माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक में टूट जाता है। नैनोप्लास्टिक शरीर में सहज प्रवेश करने में सक्षम है।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिल, फेफड़े, लीवर, तिल्ली, गुर्दे और दिमाग में भी पाए गए हैं, और हाल ही में किए गए एक अध्ययन में नवजात शिशुओं के प्लेसेंटा में माइक्रोप्लास्टिक पाए गए। प्लास्टिक से निकलनेवाले कम से कम 4,219 रसायन चिंता का विषय है। समुद्र में 24 ट्रिलियन माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े होने के कारण, समुद्री जीव अक्सर प्लास्टिक निगल लेते हैं। जब समुद्री जलचर को मनुष्य खाते हैं, तो वह प्लास्टिक मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि औसत व्यक्ति हर साल समुद्री भोजन से लगभग 53,864 माइक्रोप्लास्टिक कण खाता है। भारत में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत बढ़कर प्रति वर्ष अनुमानित 11 किलोग्राम हो गई है, और यह लगातार बढ़ेंगी। हर साल 5.8 मिलियन टन से अधिक कचरे को जला दिया जाता है, जिससे हवा में डाइऑक्सिन जैसे अनेक घातक प्रदूषक फैलते है और ये श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनते है, साथ ही कैंसर के जोखिम को बढ़ाते है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अनुसार, 2030 तक बिना एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे से भारत को भौतिक मूल्य में 133 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है। नेचर में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि भारत प्लास्टिक प्रदूषण में दुनिया का सबसे बड़ा योगदानकर्ता बन गया है, जो कुल वैश्विक प्लास्टिक कचरे का लगभग 20 प्रतिशत है। भारत में प्रतिवर्ष 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो पर्यावरण प्रदूषण के मामले में दुनिया के किसी भी अन्य क्षेत्र से अधिक है। भारत की आधिकारिक अपशिष्ट संग्रहण दर 95 फीसदी है, जबकि शोध से पता चलता है कि वास्तविक दर लगभग 81 फीसदी है। हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में दैनिक प्लास्टिक कचरे का केवल 8-10 प्रतिशत ही पुनर्चक्रित किया जाता है, बाकी को जला दिया जाता है या लैंडफिल और जलमार्गों में फेंक दिया जाता है।

प्लास्टिक बैग पशु मृत्यु को बढ़ावा देता है, यह बायोडिग्रेडेबल नहीं होते, प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बनाए जाते है, इसके निर्माण के दौरान जहरीले रसायन निकलते है। प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते है। प्लास्टिक बैग के बड़े जमाव से अक्सर जल निकासी व्यवस्था अवरुद्ध हो जाती है। प्लास्टिक बैग बच्चों को फेफड़ों की जटिलताओं के जोखिम बढ़ाते है और महिलाओं में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते है, साथ ही प्लास्टिक पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकता है। प्लास्टिक बैग भूजल को प्रदूषित करते है, प्लास्टिक प्रदूषण प्राकृतिक खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है। प्लास्टिक बैग के उत्पादन में बहुत अधिक पानी का उपयोग किया जाता है। अनभिज्ञता या लापरवाही कहें, लोग अक्सर गर्म खाद्यपदार्थों की पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग सहजता से करते है। हम अपने आसपास देखते है कि गर्म पेय, चाय, कॉफी भी छोटी-छोटी कैरीबैग में लेकर जाते है। होटल, रेस्टोरेंट या सड़कों पर गर्मागर्म स्ट्रीट फ़ूड, नाश्ता, खाना भी प्लास्टिक प्लेट में खाते है या प्लास्टिक कैरीबैग में पार्सल के तौर पर उपयोग करते है, जो सेहत के लिए काफी घातक होता है। प्लास्टिक बैग में गर्म खाद्यपदार्थ या अन्न सामग्री का उपयोग जहर के समान है, क्योंकि गर्म खाद्यपदार्थ प्लास्टिक के संपर्क में आते ही रासायनिक प्रक्रिया शुरू करते है, प्लास्टिक गर्म होते ही उससे निकलनेवाले घातक रसायन खाद्य पदार्थों में समाविष्ट हो जाते है और मनुष्य उस खाद्यपदार्थ का सेवन करके सीधे जानलेवा बीमारियों को आमंत्रित करता है। यह सब जानते हुए भी देश में बड़ी मात्रा में खाद्यपदार्थों के लिए प्लास्टिक का उपयोग बेख़ौफ़ तरीके से होता है।

प्लास्टिक का उत्पादन उपभोक्ता की मांग को पूरा करने के लिए है, अगर हम उपभोक्ता ही प्लास्टिक से दुरी बना लें, तो समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है, प्लास्टिक के अन्य पर्याय को अपनाना और जागरूकता एवं पर्यावरण के बचाव के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। सबसे पहले अपना स्वार्थ और आलस छोड़ें, सरकारी नीतिनियमों का कड़ाई से पालन करें। फिर प्लास्टिक के संभवत पर्यायों का अवलंबन करें। उपयोग करो और फेंक दो जैसी वस्तुओं को ना कहें। प्लास्टिक कैरीबैग को पूर्णत भूल जाएं, खाद्यपदार्थों के पैकेजिंग में प्लास्टिक का उपयोग टाले। प्लास्टिक आज सुविधा परंतु जीवनभर के लिए दुविधा है यह समझें। पर्यावरण हमें बेहतर जीवन देने के लिए है, अगर हम ही अपने पर्यावरण को बर्बाद करेंगे तो पर्यावरण भी हमें जीवन नहीं अपितु बर्बादी ही देगा, इस बात की गंभीरता को समझें और जागरूक नागरिक का फर्ज निभाएं।

## फूलों से बनाए जा सकते हैं प्राकृतिक वाटर कलर, पेंटिंग में आएंगे काम

बच्चों के लिए आर्ट और क्राफ्ट में वाटर कलर का इस्तेमाल करना एक मजेदार अनुभव होता है। हालांकि, बाजार में मिलने वाले वाटर कलर में कई बार ऐसे रसायन डाले जाते हैं, जो बच्चों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आप उनके लिए अलग-अलग फूलों से प्राकृतिक वाटर कलर तैयार कर सकते हैं, जो पूरी तरह सुरक्षित होते हैं। आइए 5 ऐसे फूलों के बारे में जानते हैं, जिनसे आप घर पर ही वाटर कलर बना सकते हैं।

**गुलाब के फूलों से बनाएं गुलाबी वाटर कलर**-गुलाब के फूलों से आप गुलाबी या लाल रंग के वाटर कलर बना सकते हैं। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों को पीस लें और फिर एक कपड़े से छानकर उसका रस निचोड़ लें। इस रस को धूप में थोड़ी देर के लिए सुखाएं और फिर इसमें थोड़ा-सा अरारोट पाउडर मिला दें। इस मिश्रण को ठंडा करके कांच की बोतल में भरकर रखें। इस तरह से आपका जीवंत गुलाबी रंग का वाटर कलर तैयार हो जाएगा।

**केसर के फूलों से बनाएं बैंगनी वाटर कलर**-केसर भले ही नारंगी रंग का होता हो, लेकिन उसका पुष्प बैंगनी रंग का होता है। आप इसकी मदद से बैंगनी वाटर कलर बना सकते हैं। इसके लिए केसर के फूलों की पंखुड़ियों को पीसकर उनका रस निकालें। इस रस को धूप में सुखाकर उसमें अरारोट पाउडर मिला दें। इसके बाद इस मिश्रण को ठंडा करके कांच की बोतल में भरकर रखें। जब भी पेंटिंग करनी हो तो ब्रश को गीला करें और बैंगनी वाटर कलर में डुबाएं।

**गेंदा फूल से बनाएं पीला वाटर कलर**-पूजा-पाठ में गेंदे के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है, जिनसे आप पीले रंग का वाटर कलर बना सकते हैं। इसके लिए गेंदे के फूलों को पीसकर उनका रस निकाल लें। अब इसे कुछ घंटे तक धूप में सूख जाने दें। इस रस में अरारोट पाउडर मिलाकर इसे ठंडा करें और कांच की बोतल में भरकर रखें। अगर आप नारंगी रंग वाले गेंदे के फूल इस्तेमाल करते हैं तो पीले की जगह नारंगी वाटर कलर बन सकता है।

**गुड़हल के फूलों से बनाएं लाल वाटर कलर**-लाल रंग का वाटर कलर तैयार करने के लिए आप गुड़हल के फूलों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए गुड़हल के फूलों की पंखुड़ियों को पीसकर उनका रस निकालें और धूप में सूखने के लिए रख दें। इसके बाद इसमें अरारोट पाउडर मिलाकर ठंडा करें और कांच की बोतल में भरें। गुड़हल के फूल कई अलग-अलग रंगों में भी उपलब्ध रहते हैं, जो विभिन्न रंगों वाले पेंट कलर बनाने के लिए इस्तेमाल हो सकते हैं।

**अपराजिता के फूलों से बनाएं नीला वाटर कलर**-अपराजिता के फूल जीवंत नीले रंग के होते हैं, जिनसे लोग नीली चाय बनाना पसंद करते हैं।

## सू-दोकू 98

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 097 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# विष्णुदेव साय से पंथी नृत्य दल ने की सौजन्य मुलाकात



रायपुर, 3 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में पंथी नृत्य दल ने सौजन्य मुलाकात की। पंथी नृत्य दल के सदस्यों ने बताया कि वे 13 से 24 फरवरी 2025 तक मिस्र (इजिप्ट) में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पंथी नृत्य दल के सभी कलाकारों को अपने कला-प्रदर्शन के माध्यम से विदेश की धरती पर छत्तीसगढ़ की माटी की सुगंध बिखेरने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक श्री खुशवंत सिंह साहेब उपस्थित थे।

# एनएमडीसी बचेली के नए परियोजना प्रमुख कोडाली ने पदभार ग्रहण किया

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बचेली, 3 जुलाई। एनएमडीसी बैलाडीला लौह अयस्क खान बचेली कॉम्प्लेक्स के नए परियोजना प्रमुख श्री कोडाली श्रीधर, मुख्य महाप्रबंधक ने दिनांक 30.06.2025 को बचेली परियोजना में परियोजना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे एनएमडीसी की हीरा खनन परियोजना, पन्ना के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्य कर रहे थे। कोडाली ने एनएमडीसी में अपनी सेवाएं 30 अक्टूबर 1995 कोअधिशासी प्रशिक्षु (ईटी)के रूप में बचेली परियोजना से प्रारंभ की। अपने लंबे कार्यकाल की अवधि में उन्होंने क्रमशः किरंदुल, मुख्यालय हैदराबाद, डीएमपी पन्ना में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। अब वे एनएमडीसी बैलाडीला लौह अयस्क खान बचेली के परियोजना प्रमुख के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

# ड्राइवर संघ की बैठक में परिसर को नशामुक्त बनाने का संकल्प



गीदम, 3 जुलाई। गीदम नपं कार्यालय में ड्राइवर संघ की बैठक सम्पन्न हुई, इस बैठक में नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा, पार्षद श्रीकांत राव, अवधेश गुप्ता व अन्य पार्षदगण, सीएमओ हुलसी प्रधान मौजूद रहे। यहाँ ड्राइवर संघ के अध्यक्ष मनीष पांडे व संघ के सभी सदस्यों ने बस स्टैंड परिसर को नशामुक्त बनाने , परिसर में अच्छा वातावरण व साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने का संकल्प लिया गया है। इसके साथ ही यातयात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने वाहनों को कतार व व्यवस्थित ढंग से रखने की बात भी कही गई है। नगर के हर कार्य में सहयोग प्रदान करने की चर्चा भी की गई । इस बैठक में अध्यक्ष रजनीश सुराणा ने ड्राइवर संघ के सभी लोगो का आभार जताया।

## बेकरी,होटल,दुकानों की जांच कर खाद्य पदार्थों का नमूना लिया

दंतेवाड़ा, 3 जुलाई । कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार आगामी त्योहारों के दृष्टिगत नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छ.ग. एवं कलेक्टर के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में जिले के विभिन्न डेयरी प्रतिष्ठान, बेकरी फर्म होटलों, किराना दुकानों विनिर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया। एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया। इस संबंध में किए गए ।

# जिपं अध्यक्ष ने योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन पर दिया बल

जगदलपुर 3 जुलाई । जिला पंचायत बस्तर के सभागार में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक के दौरान जिले में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन किए जाने पर बल देते हुए आम जनता को लाभान्वित करने कहा गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि खरीफ फसल सीजन के लिए किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता सहित समसामयिक कृषि सलाह प्रदाय सुनिश्चित करें। वहीं सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान करें। साथ ही वर्षाकालीन मौसमी बीमारियों के रोकथाम एवं उपचार हेतु व्यापक पहल किया जाए और जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता, मैदानी अमले के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने सहित कॉम्बेट दलों की तैनाती सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आश्रम-छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालयों में सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने कहा गया। साथ ही स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति सहित शत प्रतिशत बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पूर्ण किए जाने कहा गया। वहीं क्रेडा द्वारा लगाए गए सोलर ड्यूल पम्पों एवं हाईमास्ट लाईट का समुचित संधारण किए जाने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी ग्रामों में ग्रामीण पेयजल योजना की स्वीकृति दी गयी है और वर्तमान में इन कार्यों को पूर्ण करने पर पहल किया जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में आश्रम-छात्रावासों, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों,स्वास्थ्य केंद्रों तथा पंचायत भवन, सामुदायिक भवन इत्यादि सार्वजनिक स्थलों में अनिवार्य रूप से नल कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय जरूरत के अनुरूप आश्रम-छात्रावास, स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के परिसर और अंदरूनी गांवों के पारे-टोले में हैंडपंप स्थापित किये जा रहे हैं। जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों और अंदरूनी इलाकों के आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों के पास आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है और सूचना तंत्र को प्रभावी बनाकर इस दिशा में कारगर प्रयास किया जा रहा है। साथ ही प्रभावित क्षेत्र में त्वरित रोकथाम एवं उपचार कार्यवाही के लिए कॉम्बेट दलों का गठन कर उन्हें सक्रिय रखा गया है। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है और मैदानी अमले को नियमित तौर पर क्षेत्र भ्रमण कर मौसमी बीमारियों पर सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, खाद्य, वन इत्यादि विभागों के योजनाओं पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बलदेव मंडावी सहित जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद पंचायत अध्यक्षगण और सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नियद नेल्लानार क्षेत्रों में सुविधा शिविर 8 से 31 जुलाई तक

सुकमा,3 जुलाई । कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों एवं माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न शासकीय योजना एवं सुविधाओं से ग्रामिणों को लाभान्वित किये जाने हेतु सुविधा शिविर एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन किया जाएगा शिविर के सफल कियान्वयन हेतु अनुविभागीय अधिकार कोन्टा को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कोन्टा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति किया जाता है। इसी क्रम में 08 से 10 जूलाई 2025 को रायगुड़ा के चिमलीपेन्टा, सुरपनगुड़ा, मोरपल्ली में।15 से 17 जूलाई को सालातोंग के पोटकपल्ली, पालाचलमा, पेंटापाड़ में। 23 से 25 जूलाई को दुलेड़ के दुलेड़, बुरकापाल, एलमागुण्डा, 29 से 31 जूलाई को गोलापल्ली के सिंगाराम, किस्टाराम, गंगलेर, मेहता, में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शिविर में आधार कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, जनधन बैंक खाता, वोटर आईडी कार्ड, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) विभागों सहित अन्य आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

## बारिश



सुकमा। जिले के कोंटा, दोरनापाल छिंदगढ़, गादीरास, कुकानार, तोंगपाल सभी जगह बारिश हुई। 5 दिनों से बारिश ने तबाही मचा कर रखा है, किसानों ने बताया कि खेती का कार्य प्रभावित हुआ है।बच्चों को स्कूल में जाने में दिक्कत हुई,स्कूलों में कम उपस्थिति से पढ़ाई प्रभावित हुई। नद नाली उफान पर हैं, यात्री बसे लेट चल रही है, इससे लोगों को कहीं भी आने जाने में परेशानी हो रही है।

# सीईओ ने किया जैविक खेती एवं बीज वितरण केंद्रों का निरीक्षण



दंतेवाड़ा, 3 जुलाई । जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने आज जिले में संचालित बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर एवं बीज भंडारण एवं वितरण केंद्र तथा जैविक खेती करने वाले किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज एवं जैविक आदान सामग्री सुलभ कराने संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।इस क्रम में सीईओ श्री नाहटा ने जैविक आदान सामग्री केंद्र में जीवामृत, हंडी दवा, जैविक उर्वरक आदि की भंडारण एवं वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जैविक आदान सामग्रियों का अधिक से अधिक किसानों तक वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही वितरण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं उसका नियमित रिकॉर्ड रखा जाए ताकि किसानों को जैविक खेती की तकनीकी जानकारी व प्रशिक्षण दिया जाए। इससे वे वैज्ञानिक तरीके से खेती कर सकेगें।इसके अलावा उन्होंने बीज भंडारण केंद्र में किसानों से सीधे संवाद कर बीज वितरण प्रक्रिया और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से शून्य ब्याज दर पर नकद व वस्तु ऋण की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया तथा शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण 5 जुलाई से

सुकमा,3 जुलाई । कलेक्टर एवं जिला जिला निर्वाचन अधिकारी श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुए बूथ लेवल अधिकारी एवं सुपरवाईजरों को 03 जुलाई से 05 जुलाई 2025 तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी क्रम में कोंटा और सुकमा तहसील के बीएलओ एवं सुपरवाईजरों का प्रशिक्षण 03 जुलाई को, दोरनापाल और छिंदगढ़ तहसील का 04 जुलाई को, तोंगपाल और गादीरास तहसील का 05 जुलाई 2025 को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रातः 09.45 से 5.30 तक स्वामी विवेकानंद पुराना कलेक्टोरेट परिसर सुकमा में दिया जाएगा।

# आश्रम से बाहर जाने का प्रयास करने वाले दो बच्चों को जिला प्रशासन ने परिजनों को सकुशल सौंपा

सुकमा,3 जुलाई । केरलापाल विकासखण्ड अंतर्गत संचालित पोंगाभेज्जी बालक आश्रम छात्रावास से दो बच्चों द्वारा परिसर से बाहर जाने का प्रयास किए जाने की जानकारी पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक सुरक्षा कदम उठाए गए। दोनों बच्चे जीरमपाल क्षेत्र में परिजनों के पास सुरक्षित पाए गए, जहां से उन्हें प्रशासन की निगरानी में पुनः लाकर उनके पालकों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त दोनों बालक ग्राम चिंगावरम के निवासी हैं एवं पोंगाभेज्जी बालक आश्रम छात्रावास में अध्ययनरत हैं। छात्रावास से बाहर निकलने के उपरांत वे जीरमपाल पहुंच गए थे।जैसे ही प्रशासन को बच्चों के आश्रम से बाहर होने की सूचना प्राप्त हुई, कलेक्टर श्री के निर्देशानुसार त्वरित एवं सतर्क कार्यवाही करते हुए संबंधित क्षेत्रीय अमले को सक्रिय किया गया तथा बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई।प्रशासन द्वारा बच्चों को सुरक्षित रूप से उनके पालकों को सौंप दिया गया है। साथ ही आश्रम में बच्चों की देखरेख, निगरानी एवं अनुशासन व्यवस्था में संभावित लापरवाही के संबंध में आश्रम अधीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया गया है। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

# महिला बॉक्सर शशि एवं लाशु ने सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में जीता रजत पदक





बिलासपुर,3 जुलाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के वाणिज्य विभाग में कार्यरत महिला बॉक्सरों शशि चोपड़ा एवं लाशु यादव ने हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित एलिट विमेंस सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वेट कैटेगरी में रजत पदक (सिल्वर मेडल) प्राप्त किया है ।यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता तक आयोजित की गई, जिसमें 15 राज्यों की 200 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से भाग ले रहीं शशि चोपड़ा और लाशु यादव भारतीय रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व कर रही थीं । इनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल भारतीय रेलवे बल्कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर का भी गौरव बढ़ा है । दोनों खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश, अपर महाप्रबंधक, मंडल एवं मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, रेलवे खेल संघ मुख्यालय के पदाधिकारीगण, सहकर्मी खिलाड़ी एवं कर्मचारीगणों ने हर्ष के साथ हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं । शशि चोपड़ा एवं लाशु यादव ने अपने कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो न केवल रेलवे परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे प्रशासन को विश्वास है कि भविष्य में भी ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और रेलवे का नाम रोशन करेंगी ।यह उपलब्धि रेलवे में कार्यरत खिलाड़ियों के खेल के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की मिसाल है तथा अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा प्रदान करती है ।

# एनसीसी अधिकारी ने छात्रा से अश्लील हरकत की,जुर्म दर्ज

भिलाई, 3 जुलाई। भिलाई बोरई में लगे एनसीसी कैंप में एक छात्रा के साथ एनसीसी अधिकारी ने बुरी नीयत से अश्लील हरकत की छात्रा के विरोध करने पर आरोपित गाली-गलौज कर उसे धमकाने लगा पीड़िता की शिकायत पर पुलगांव पुलिस ने एनसीसी अधिकारी निलेश तिवारी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जेल भेजा गया है प्रार्थिया आरसीएस कला व वाणिज्य महाविद्यालय में पढ़ती है उसने पुलिस को बताया कि वह एनसीसी में भाग ली थी। एनसीसी कैंप बोरई में लगा था अधिकारी निलेश ने नौ -जून की शाम को उसे ग्राउंड पर बुलाया और बदतमीजी करने लगा और कहा कि फोन क्यों नहीं उठाती है और जवाब क्यों नहीं देती है इसके बाद वह उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा इसके बाद में आरोपित ने उसे धमकी देते हुए कहा कि वह उसका भविष्य खराब कर देगा इस बात की शिकायत पीड़िता ने बोरई कैंप में जीसीआइ मैडम से की थी मैडम पीड़िता को सीओ सर के पास लेकर भी गई थी इसके बाद निलेश को एनसीसी कैंप से हटा दिया गया।

# जिले के 54330 तेंदूपत्ता महिला संग्राहकों को चरण पादुका वितरण किया जाएगा

बीजापुर 3 जुलाई । जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर के 54330 तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार के महिला सदस्य को एक सेट चरणपादुका वितरण किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं माननीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार 21 जून 2025 को नवोदय विद्यालय बीजापुर में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति धनोरा एवं संतोषपुर के 15-15 तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार के महिला सदस्यों को चरणपादुका वितरण कार्य का शुभारंभ किया जा चुका है।

## कार्यालय के बाहर बैठे डीएम ने देर से ऑफिस आने वाले कर्मचारियों की लगाई क्लास



कवर्धा, 3 जुलाई। सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और समय की पाबंदी को लेकर कवर्धा कलेक्टर गोपाल वर्मा अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। गुरुवार सुबह उन्होंने अचानक निरीक्षण अभियान की शुरुआत की और सबसे पहले जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे। जहां कई कर्मचारी निर्धारित समय के बाद भी गैरहाज़िर थे। जिसके बाद कलेक्टर खुद कार्यालय के मुख्य द्वार पर कुर्सी लगाकर बैठ गए और जैसे ही देरी से आने वाले कर्मचारी अंदर घुसने लगे, उन्हें वहीं रोक लिया गया।इस दौरान कलेक्टर वर्मा ने तय समय के बाद पहुंच रहे कर्मचारियों को कार्यालय के भीतर आने से रोकते हुए उनसे कारण पूछा। कुछ कर्मचारी शर्मिंदगी में मुंह छुपाते नजर आए, तो कुछ ने सार्वजनिक रूप से कान पकड़कर माफी मांगी और भविष्य में समय का पालन करने का वादा किया।कलेक्टर गोपाल वर्मा का औचक निरीक्षण यहीं नहीं थमा। इसके बाद वे जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने मरीजों से सीधी बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया। इसके बाद कलेक्टर स्वामी करपात्री शासकीय विद्यालय पहुंचे और वहां भी स्टाफ की उपस्थिति जांची। साथ ही बच्चों से पढ़ाई-लिखाई को लेकर प्रश्न पूछे।कलेक्टर वर्मा ने साफ शब्दों में कहा कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में इस तरह के अकस्मात निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। जो कर्मचारी समय की अनदेखी करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई तय है।

# सीआरपीएफ का अधिकारी 17 दिन तक रहा डिजिटल अरेस्ट, 22 लाख की ठगी

अंबिकापुर,3 जुलाई। छत्तीसगढ़ में डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इस ठगी के जाल में आम लोगों से लेकर खास भी फस रहे है। अब अंबिकापुर में पदस्थ सीआरपीएफ का एक एसआई 17 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट का शिकार रहा। उसके खाते से गैर कानूनी काम होने का भय दिखा कर 22 लाख रुपए ऑनलाइन ठग लेने का मामला सामने आया है। उसने गिरफ्तारी के डर से पत्नी के जेवर गिरवी रखकर व बेटे के नाम की एफडी तोड़कर फ्रॉड करने वालों द्वारा बताए गए अलग-अलग खातों में 22 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। अब पूरे मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई गई है।

### डिजिटल अरेस्ट की पूरी कहानी

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अंबिकापुर में स्ठ्ठ के पद पर पदस्थ आर. महेन्द्रन, 5 जून 2025 की सुबह करीब 9ञ्23 बजे सीआरपीएफ कैंप अंबिकापुर में थे। इसी बीच एक व्यक्ति ने मोबाइल पर कॉल कर कहा कि टेलीकॉम डिपार्टमेंट गवर्मेंट ऑफ इंडिया दिल्ली से रविशंकर बोल रहा हूं। आपके आधार से सिम कार्ड लिया गया है और उक्त सिम से गैर कानूनी काम हो रहे हैं। आपका सिम को 2 घंटे में बंद कर दिया जाएगा और इसकी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस में की जा रही है। कुछ देर बाद दोबारा दिल्ली पुलिस के नाम पर एक व्यक्ति ने फोन कर सीआरपीएफ के एसआई का नाम पूछा। इसके बाद उसके मोबाइल पर वीडियो कॉल किया। सामने वाला व्यक्ति पुलिस यूनिफॉर्म में था। उसने अपना आईडी कार्ड दिखाते हुए कहा कि, आपके आधार से बैंक ऑफ बड़ौदा नेहरू पैलेस दिल्ली में 23 जनवरी 2025 को खाता खोला गया है। इसमें गैर-कानूनी रुपयों का लेन-देन हो रहा है। सीआरपीएफ जवान ने बताया कि वह मेरा खाता नहीं है। इसके बाद उसने कहा कि इस खाते में लगभग 2 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ है।

### इस तरह से हुई ठगी

मामले में आरोपी ने बताया है कि उसने खाताधारक को 10 प्रतिशत कमीशन दिया है। फ्रॉड ने कहा कि आपके खाते का वेरिफिकेशन होगा। ठग ने आरबीआई का अलग-अलग खाता नंबर देकर वेरिफकेशन के नाम पर रुपए ट्रांजेक्शन करने को कहा। वेरिफिकेशन के बाद 72 घंटे के अंदर रुपए वापस खाते में भेजने की बात कही। इसी बीच वीडियो कॉल पर सीबीआई के नाम पर दूसरा व्यक्ति बात करने लगा। उसने सीआरपीएफ जवान को एक खाता नंबर दिया। उसमें 6 जून को 49 हजार 999 रुपए डालने के लिए कहा गया। सीआरपीएफ एसआई ने दिए गए खाते में सैलरी अकाउंट से रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उसने सीआरपीएफ जवान से कहा कि, तुम्हारे खाते में जितना पैसा है उसका वेरिफिकेशन किया जाएगा। सीआरपीएफ जवान ने डर से अपने खाते का 2 लाख 58 हजार 648 रुपए दिए गए अलग-अलग खाते में ट्रांसफर कर दिए।

### डर का बनाया माहौल

फ्रॉड द्वारा 8 जून 2025 को दोबारा फोन कर सीआरपीएफ एसआई को बताया गया कि, वेरिफिकेशन में 17 हजार अपराधी के खाते से मैच करता है। इसमें आपके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस बनता है और आज शाम तक गिरफ्तारी की जाएगी। फिर भी आपको बचाने की कोशिश की जाएगी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट में बात करूंगा। इसके बाद फोन काट दिया और थोड़ी देर बाद दोबारा कॉल कर बताया गया कि तुम कल तक 10 लाख रुपए का इंतजाम करो। तुम्हारे परिवार को खतरा हो सकता है, इसलिए ये बात किसी को मत बताना। एसआई ने डर से किसी को नहीं बताया और हर घंटे व्हाट्सअप पर उसे अपनी सारी रिपोर्ट देता रहा।एसआई के पास दोबारा फोन आया और कहा गया कि, रुपए की व्यवस्था हुई की नहीं। एसआई के मना करने पर कहा गया कि 10 लाख नहीं दोगे तो बेल नहीं हो पाएगा और शाम तक गिरफ्तारी कर ली जाएगी। डर से सीआरपीएफ जवान ने पत्नी के जेवर बैंक में गिरवी रखकर 10 लाख रुपए दिए गए, फ्रॉड द्वारा बताए गए खाता नंबर में ट्रांसफर कर दिए। इतना ही नहीं, फ्रॉड द्वारा 10 जून 2025 को फिर से कॉल कर कहा गया कि उसे बेल मिल गई है। फोन कर बताया गया कि बेल मिल गया है। उसने बेल नोटिस एसआई के व्हाट्सएप पर भेजा। इसके बाद 11 जून 2025 को फिर से फ्रॉड ने सीआरपीएफ जवान को फोन कर बताया कि तुम्हारा व तुम्हारे परिवार के सदस्यों का एफडी व इश्योरेंस का भी वेरिफिकेशन किया जा रहा है। इसके लिए 7 लाख रुपए की व्यवस्था करने को कहा गया, इसके बाद ही छुटकारा मिलने की बात कही गई।

सीआरपीएफ एसआई ने डर कर अपने बेटे की एफडी तोड़कर 5 लाख 1140 रुपए दिए गए खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद फ्रॉड्स करने वालों ने कहा कि वेरिफिकेशन के बाद आपके सारे रुपए वापस कर दिया जाएंगे, जिस-जिस खाते से रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ 18 हजार रुपए वापस नहीं किए जाएंगे। क्योंकि ये रुपए अपराधी की बातों से मैच कर रहे हैं। इसके बाद ठग का मोबाइल बंद हो गया।

### ठगी का सिलसिला

17 दिनों तक ठगी का सिलसिला चलने के बाद जब 23 जून 2025 को ठगों का मोबाइल बंद बताने लगा तो सीआरपीएफ, एसआई को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबरों को संचालित करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपियों का सुराग पुलिस लगाने में अभी तक असफल रही है। जानकार बताते है कि, यह एक प्रकार की साइबर ठगी है। यह लोगों का शोषण करने के लिए एक नया और खतरनाक तरीका है। इस शब्दावली के दो हिस्से हैं, डिजिटल अरेस्ट और स्कैम या ठगी। इससे पहले की हम डिजिटेल अरेस्ट को समझें, यहां यह जानना बहुत जरूरी है कि कानून में इस तरह का कोई शब्द नहीं है। डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक भ्रामक रणनीति है।

# नक्सल पुनर्वास नीति के तहत आईईडी विस्फोट पीड़ित को 5 लाख रुपए की सहायता राशि

बीजापुर 3 जुलाई । नक्सल हिंसा से प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा जिले के श्री माड़वी नंदा को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। माड़वी नंदा नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर दाहिना पैर कट जाने के कारण स्थायी असमर्थ हो गए।

# दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

बीजापुर 3 जुलाई । सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना बासागुड़ा के क्षेत्रांतर्गत घटना 29 मार्च 2025 को ग्राम कोंजेर व नरसापुर के जंगल पहाड़ के बीच जंगल में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव मिला। शव के पास से 12 बोर बंदूक, नक्सल पोच जिसमें 12 बोर बंदूक का 05 नग जिन्दा कारतूस, 03 किलोग्राम का टिफीन बम 01 नग, कमाण्ड आईईडी 02 नग, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज वायर सहित नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। इसी तरह थाना उसूर क्षेत्रांतगर्त घटना 24 अप्रैल 2025 को ग्राम नीलम सरई झरना करेंगुट्टा के पहाड़ मे पुलिस एवं नक्सली के बीच घटित हुई थी। जिसमें फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर 03 अज्ञात महिला माओवादी का शव सहित नक्सल सामग्री बरामद किया गया।

## एक नजर

### पंत टेस्ट बैटर्स रैंकिंग में छठे,जायसवाल चौथे स्थान पर, बुमराह बॉलर्स में टॉप पर

**बर्मिंघम, 3 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टेस्ट बैटर्स रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए। बुधवार को जारी रैंकिंग में पंत अपने करियर की बेस्ट रेटिंग पॉइंट्स पर पहुंचे। उनके अब 801 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं। पंत ने इंग्लैंड के खिलाफहेडिंग्ले टेस्ट में 134 और 118 रन की दो शानदार पारियां खेली थीं। बैटर्स रैंकिंग में पहले स्थान पर इंग्लैंड के जो रूट (889 पॉइंट्स) के साथ हैं। पंत टेस्ट इतिहास में एक ही मैच में दो शतक लगाने वाले दुनिया के दूसरे विकेटकीपर बने हैं। इससे पहले ये कारनामा ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट ने किया था। बल्लेबाजों की टॉप-10 रैंकिंग में 3 भारतीय बल्लेबाज मौजूद हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल चौथे नंबर पर बरकरार हैं। वे अभी के भारत के टॉप रैंक टेस्ट बल्लेबाज हैं। उनके बाद अपने करियर की बेस्ट पोजिशन पर ऋषभ पंत हैं। कप्तान गिल 21वें स्थान पर खिसक गए हैं।

**बुमराह टॉप पर काबिज :** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बॉलर्स रैंकिंग में के टॉप पोजिशन पर बने हुए हैं। उनके 907 पॉइंट्स हैं। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के ही जोश हेजलवुड को एक स्थान का फायदा हुआ है। वे अब चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। पाक के नोमान अली पांचवें नंबर पर खिसक गए हैं।

**ऑलराउंडर्स में जडेजा टॉप पर:** ऑलराउंडर्स रैंकिंग में रवींद्र जडेजा अपनी नंबर-1 पोजिशन बनाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफशानदार प्रदर्शन करने वाले वेस्टइंडीज के जेडन सील्स 9वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं बांग्लादेश के खिलाफश्रीलंका के प्रभाथ जयसूर्या ने 5 विकेट लिए थे। वे अब 14वें नंबर पर पहुंच गए हैं। साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर्स ने लंबी छलांग लगाई हैं। मुल्डर 7 स्थान की छलांग लगाकर अब 15वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं कार्बिन ने 42 स्थान की छलांग लगाई हैं। वे 19वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### विंबलडन 2025 : अल्काराज का विजय अभियान जारी

# विमेंस सिंगल्स में आर्यना सबालेंका और एम्मा राडुकानु भी तीसरे राउंड में पहुंची





**नई दिल्ली, 3 जुलाई (एजेंसी)।** विंबलडन 2025 के तीसरे दिन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटिश एमेच्योर खिलाड़ी ऑलिवर टारवेट को सीधे सेटों में 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज ने वर्ल्ड रैंकिंग 733वें नंबर के टारवेट को सिर्फ दो घंटे 17 मिनट में हरा दिया। अल्काराज ने लगातार 20 मैच जीते हैं, जिसमें रोम मास्टर्स, फ्रेंच ओपन और क्वींस क्लब के खिताब शामिल हैं।

**लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतने का टारगेट :** अल्काराज का टारगेट लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतना है। ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच ओपन एरा में लगातार तीन विंबलडन खिताब जीत चुके हैं। रोजर फेडरर सबसे ज्यादा 8 बार विंबलडन खिताब अपने नाम किया है। उसके बाद 7-7 विंबलडन खिताब जीतने का कारनामा पीट सम्प्रास और नोवाक जोकोविच कर चुके हैं।

**आर्यना सबालेंका ने भी अपना मैच जीता :** वहीं विमेंस सिंगल्स में आर्यना सबालेंका ने 48वीं रैंक की मैरी बौजकोवा को 7-6 (7/4), 6-4 को हराकर अगले दौर में जगह बनाई। 95 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका ने 41 विनर लगाए।

**टूर्नामेंट की चौथी सीड जैस्मिन पाओलिनी उलटफेर की हुई शिकार :** टूर्नामेंट की चौथी सीड जैस्मिन पाओलिनी उलटफेर का शिकार हो गईं। वर्ल्ड रैंकिंग 62वें नंबर की रूसी खिलाड़ी कमिला राखिमोवा ने 4-6, 6-4, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला टूर्नामेंट की टॉप सीड सबालेंका से होगा।

## क्रिकेट डायरी

# दूसरा टेस्ट : गिल सेंचुरी बनाकर नॉटआउट

### जडेजा के साथ 99 रन की पार्टनरशिप, यशस्वी ने 87 बनाए; भारत-310/5

**बर्मिंघम, 3 जुलाई (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के पहले दिन इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 310 रन बना लिए। कप्तान शुभमन गिल सेंचुरी और रवींद्र जडेजा 41 रन बनाकर नॉटआउट रहे। दोनों आज भारत की पारी आगे बढ़ाएंगे। दूसरे दिन का खेल दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा।

**यशस्वी-करुण की फिफ्टी पार्टनरशिप:** टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने पहले सेशन में केएल राहुल का विकेट जल्दी गंवा दिया। वे 2 ही रन बनाकर क्रिस वोक्स की गेंद पर बोल्ड हो गए। उनके बाद फिर यशस्वी जायसवाल ने करुण नायर के साथ 80 रन की पार्टनरशिप कर ली। करुण 31 रन बनाकर आउट हुए।

**यशस्वी ने 87 रन बनाए:** यशस्वी जायसवाल ने जोश टंग के ओवर में लगातार 3 चौके लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने पहले टेस्ट में सेंचुरी लगाने के बाद दूसरे टेस्ट में फिफ्टी लगा दी। यशस्वी दूसरे सेशन में 87 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इस सेशन में शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने भारत का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया।

**पंत और नीतीश नहीं चले:** तीसरे सेशन में शुभमन गिल ने अपनी 8वीं टेस्ट फिफ्टी पूरी कर ली। हालांकि, उनके सामने ऋषभ पंत 25 और नीतीश कुमार रेड्डी 1 ही रन बनाकर आउट हो गए। नंबर-7 पर उतरे रवींद्र जडेजा ने पारी संभाली और शुभमन के साथ 99 रन की पार्टनरशिप कर ली। दोनों ने दिन का खेल खत्म होने तक भारत का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया।

**वोक्स को 2 विकेट:** इंग्लैंड को पारी का पहला विकेट दिलाने वाले तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने 2 विकेट लिए। उन्होंने केएल राहुल और नीतीश रेड्डी को पवेलियन भेजा, दोनों बोल्ड हुए। बेन स्टोक्स ने यशस्वी जायसवाल को कॉट बिहाइंड कराया। वहीं शोएब बशीर ने ऋषभ पंत और ब्रायडन कार्स ने करुण नायर को पवेलियन भेजा।



### काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे प्लेयर्स

भारत और इंग्लैंड दोनों ही टीमों के प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर खेलने उतरे। खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के पूर्व प्लेयर वैन लार्किंस को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधी। लार्किंस का 71 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 1979 से 1991 के बीच 13 टेस्ट और 25 वनडे खेले।

# 2036 ओलंपिक के लिए भारत ने अहमदाबाद का नाम दिया

### 8 महीने पहले दावेदारी पेश की थी; सऊदी अरब, तुर्किये भी मेजबानी की दौड़ में शामिल

**नई दिल्ली, 3 जुलाई (एजेंसी)।** भारत 2036 में ओलंपिक गेम्स की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए अहमदाबाद में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। भारत 2036 में ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए अहमदाबाद में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। भारत ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी के लिए अहमदाबाद का नाम इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी (IOC) के सामने पेश किया है। मंगलवार को स्विट्जरलैंड के लॉजान में हुई बैठक में केंद्रीय खेल मंत्रालय, गुजरात सरकार और IOA अध्यक्ष पीटी ऊषा सहित भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने IOC के सामने अपनी बात रखी।



ये मीटिंग ऐसे वक्त में हुई, जब नई इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (IOC) अध्यक्ष कर्स्टी कोवेन्ट्री ने भविष्य के ओलिंपिक होस्ट बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी थी। IOC सदस्य चाहते हैं कि मेजबान देश के चुनाव में उनकी भूमिका ज्यादा हो, इसीलिए एक वर्किंग ग्रुप बनाकर नई प्रक्रिया तैयार की जाएगी। 2036 ओलिंपिक की दौड़ में भारत अकेला नहीं है। सऊदी अरब, इंडोनेशिया, तुर्किये (टर्की) और चिली जैसे देश भी मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं। पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने लेटर ऑफइंटेंट के जरिए IOC से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी।

**अहमदाबाद को क्यों चुना गया?:** भारत की तरफ से ओलिंपिक में पहली बार आधिकारिक रूप से किसी शहर का नाम दिया गया है। भारत की ओलिंपिक कमेंटी ने कहा, अहमदाबाद में ओलंपिक आयोजित करने से 60 करोड़ युवा भारतीयों को पहली बार देश में ओलिंपिक देखने का मौका मिलेगा।

# लिवरपूल-पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत

**नई दिल्ली, 3 जुलाई (एजेंसी)।** फुटबॉल क्लब लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले 28 साल के फॉरवर्ड खिलाड़ी डिएगो जोटा की तीन जुलाई को एक दर्दनाक कार एक्सीडेंट में मौत हो गई। इस हादसे में डिएगो के भाई की मौत हुई है। बता दें कि 22 जून को डिएगो जोटा की शादी रूथ कारडोसो के साथ हुई थी, जिसे अभी सिर्फ10 दिन ही हुए थे।



डिएगो जोटा अपने भाई आंद्रे जो एक फुटबॉल खिलाड़ी हैं उनके साथ स्पेन के शहर जमोरा में थे जब ये कार एक्सीडेंट हुआ। स्थानीय समयानुसार एक्सीडेंट वहां पर देर रात 12:40 के करीब हुआ जब कार अचानक नियंत्रण से बाहर होने के बाद उसमें आग लग गई, जिसके चलते डिएगो और उनके भाई की मौत मौके पर ही हो गई। डिएगो जोटा के छोटे भाई आंद्रे भी एक प्रोफेशनल फुटबॉल खिलाड़ी थे। वह पुर्तगाल की सेकेंड लीग में पेनाफेल का प्रतिनिधित्व किया और दुर्घटना के समय कार में थे। स्पेनिश सिविल गार्ड के एक बयान में यह पता चला कि दोनों भाई एक लेम्बोर्गिनी के अंदर थे और ओवरटेक करते समय कार का टायर फटने के बाद उसमें आग लग गई। जोटा की मौत की खबर सामने आने के बाद उनके कार एक्सीडेंट को लेकर पुर्तगाल फुटबॉल फेडरेशन ने अपने बयान में उसकी पुष्टि की। फेडरेशन के अध्यक्ष पेड्रो प्रोएन्का ने अपने बयान में जानकारी दी कि पुर्तगाली फुटबॉल महासंघ और पूरे पुर्तगाली फुटबॉल फैन आज सुबह स्पेन में डिओगो जोटा और आंद्रे सिल्वा की मौत से पूरी तरह स्तब्ध हैं।

### कोलकाता हाईकोर्ट का आदेश, शमी अपनी पत्नी-बेटी को हर महीने देंगे 4 लाख



**कोलकाता, 3 जुलाई (एजेंसी)।** मोहम्मद शमी को कोलकाता हाईकोर्ट ने तलाक में अपनी पत्नी से अलग रहे हसीन जहां और बेटी आयरा को हर महीने 4 लाख रुपए देने का आदेश दिया है। मोहम्मद शमी को ये रुपए महीने के मेंटेनेंस के लिए देने होंगे। शमी के इस केस की सुनवाई 21 अप्रैल, 2025 को हुई थी, जिस पर 1 जुलाई, 2025 को फैसला आया। आदेश के मुताबिक हसीन जहां को 1.50 लाख रुपए और बेटी आयरा को 2.50 लाख रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। यह राशि पिछले सात साल से लागू होगी। वहीं, निचली अदालत को छह महीने में मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया गया है।

# भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड को हराया

### सीरीज में 2-1 की बढ़त; वैभव सूर्यवंशी ने 31 गेंदों में 86 रन बनाए

**नॉर्थम्प्टन, 3 जुलाई (एजेंसी)।** नॉर्थम्प्टन में खेले गए तीसरे यूथ वन-डे इंटरनेशनल में भारत अंडर-19 ने इंग्लैंड-19 को 4 विकेट से हरा दिया है। इसके साथ ही भारतीय टीम की 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हो गई है। इस मैच में जीत के हीरो 14 साल के वैभव सूर्यवंशी रहे। उन्होंने 31 गेंदों पर 86 रन बनाए।

भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बारिश की वजह से मैच 40-40 ओवर का खेला गया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 268 रन बनाए। वहीं, 269 के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने 33 गेंदें शेष रहते जीत हासिल की।

इंग्लैंड के ओपनर्स ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। इंग्लैंड का पहला विकेट 78 रन पर गिरा, लेकिन बीच में 4 विकेट 35 रन पर गंवाए। इंग्लैंड के लिए थॉमस रियू ने शानदार नाबाद 76 रन (44 गेंद, 9 चौके, 3 छक्के) बनाए, जबकि बेन डॉकिन्स ने 62 और इसहाक मोहम्मद ने 41 रनों की पारी खेली। वहीं, रियू और राल्फी अल्बर्ट (21) ने 60 रनों की साझेदारी कर स्कोर को 268 तक पहुंचाया। भारत की ओर से कनिष्क चौहान ने 30 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, नमन पुष्पक, विहान मल्होत्रा और दीपेश देवेंद्रन को 1-1 विकेट मिला।



## व्यापार

# सोना 306 बढ़कर 97786 पर पहुंचा

### चांदी 1060 महंगी होकर 1.08 लाख रुपए किलो बिकी

**नई दिल्ली, 3 जुलाई (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 3 जुलाई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम ?306 बढ़कर ?97,786 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 97,480 पर था। वहीं चांदी की कीमत ?1,060 बढ़कर 1,07,748 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये ?1,06,688 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने ?1,09,550 और सोने ने ?99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**इस साल अब तक ?21,624 महंगा हुआ :** सोना इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,624 रुपए बढ़कर 97,786 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,731 रुपए बढ़कर 1,07,748 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

**इस साल 1 लाख 3 हजार तक जा सकता है सोना:** केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इजराइल और ईरान के बीच भी जंग शुरू हो गई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

# अप्रैल-जून तिमाही में विदेशी फंड प्रवाह घटा

### रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत लुढ़का

**नई दिल्ली, 3 जुलाई (एजेंसी)।** कोलियर्स की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अप्रैल-जून 2025 के दौरान संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। विदेशी निवेशक सर्त दिखाई दिए। वहीं घरेलू निवेशकों ने बाजार में भरोसा जताया और अप्रैल-जून तिमाही में 32 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 642.8 मिलियन डॉलर का निवेश किया।

वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते अप्रैल-जून 2025 के दौरान भारत में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश में गिरावट आई है। इसका मतलब है कि देश में रियल एस्टेट सेक्टर (जैसे मॉल, ऑफिस, हाउसिंग प्रोजेक्ट्स आदि) में बड़े वित्तीय संस्थानों द्वारा किया जाने वाला निवेश पहले की तुलना में कम हो गया है। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

**संस्थागत निवेश में 33 प्रतिशत की गिरावट:** रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल-जून 2025 में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। पिछले साल इसी अवधि में यह 2.53 अरब था। इस गिरावट की मुख्य वजह विदेशी फंडिंग में लगभग 50 प्रतिशत की कमी रही, जो 2,046.8 मिलियन डॉलर से घटकर 1,048.4 मिलियन डॉलर रह गई।

**घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर हुई 34 प्रतिशत :** हालांकि, घरेलू निवेशकों ने बाजार में भरोसा जताया और अप्रैल-जून तिमाही में 32 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 642.8 मिलियन डॉलर का निवेश किया। यह पिछले साल की समान अवधि में 486.5 मिलियन डॉलर था। कोलियर्स इंडिया के सीईओ, बादल याग्निक ने कहा कि घरेलू पूंजी अब भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक बनकर उभरी है। 2021 में कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 16 प्रतिशत थी। यह 2024 में बढ़कर 34 प्रतिशत हो गई।

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी निवेशक सतर्क बने रहे

आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-जून 2025 के दौरान कुल संस्थागत निवेश 15 प्रतिशत घटकर 2,998.10 मिलियन अमरीकी डॉलर रहा। यह एक साल पहले इसी अवधि में 3,528.50 मिलियन अमरीकी डॉलर था। इस दौरान विदेशी निवेश 1,570.6 मिलियन डॉलर रहा, जो पिछले साल के 2,593.8 मिलियन डॉलर से काफी कम है। वैश्विक निवेशक उभरते व्यापक आर्थिक परिदृश्यों, ऋण प्रवाह और महंगाई के दबावों के बीच सतर्क बने हुए हैं। इसके विपरीत, घरेलू निवेशकों ने 1,427.5 मिलियन डॉलर का निवेश किया, जो कि 2024 की पहली छमाही के 934.7 मिलियन डॉलर की तुलना में 53 प्रतिशत अधिक है।

### मप्र-छग में सबसे ज्यादा एफडब्ल्यूए ग्राहक रिलायंस जियो के पास

**नई दिल्ली, 3 जुलाई (एजेंसी)।** भोपाल- अमेरिका की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी टी-मोबाइल को पीछे छोड़ कर दुनिया की सबसे बड़ी फिक्सड वायरलेस एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी बनने की राह पर रिलायंस जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े है। टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की मई 2025 की रिपोर्ट में एक बार फिर जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों को जोड़ा है। मई 2025 में रिलायंस जियो से 4.2 लाख मोबाइल ग्राहक जुड़े है। वहीं, जियो फाइबर और स्र्ङ्क जियो एयर फाइबर ब्रॉडबैंड सर्विस को 54 हजार से ज्यादा ग्राहकों ने अपनाया है। जबकि समान अवधि में एयरटेल के 8 हजार मोबाइल ग्राहक बढ़े लेकिन बीएसएनएल के 37 हजार और सबसे ज्यादा वाडाफोन-आईडिया के 56 हजार ज्यादा मोबाइल ग्राहक घटे है। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सभी टेलीकॉम कंपनियों के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 8.1 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। वहीं,फिक्सड वायरलेस एक्सेस (FWA) और वायरलेस एक्सेस ब्राडबैंड उपभोक्ता 24.9 लाख से ज्यादा है। इसमें जियो की मोबाइल ग्राहक 4.6 करोड़ और ब्रॉडबैंड ग्राहक 13.9 लाख से कहीं अधिक है। साथ ही मार्केट शेयर पर गौर करें तो मोबाइल उपभोक्ता में बाजार हिस्सेदारी 56.7 फिसदी और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में मार्केट शेयर 56.1 प्रतिशत है।




### अब छत्तीसगढ़ में सॉल्टी नर्ड : नए दौर के लिए एक बोल्ड नया अंदाज

**रायपुर, 3 जुलाई (एजेंसी)।** ब्लिसवॉटर उद्योग ने साल्टी नर्ड को छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया है। यह खासकर उन लोगों के लिए बनाई गई है जो अपनी ड्रिंक में कुछ नया ट्राय करना पसंद करते हैं ङ्क कुछ ऐसा जो स्मूद हो, लेकिन अपने अंदाज़ में थोड़ा बोल्ड भी। साल्टी नर्ड एक मॉडर्न सोच के साथ तैयार की गई है जो पुराने तरीके को एक नया ट्विस्ट देती है। इसमें चारकोल फ़िल्टर्ड टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जिससे हर सिप में साफ़और स्मूद टेस्ट मिलता है। यक्ष और रहस्य जैसी ड्रिंक्स बनाने वाले ब्लिसवॉटर की यह नई पेशकश सिर्फएक ब्रांड नहीं है, बल्कि एक नया अनुभव है। चुनिंदा अनाज से बनी ये इतनी स्मूद है कि आप इसे सीधे, बर्फके साथ या अपने स्टाइल में पी सकते हैं ङ्क बिना किसी मिक्सर के भी। ब्लिसवॉटर की फाउंडर वरना भट्ट बताती हैं, सॉल्टी नर्ड ÷एक सरल विचार से शुरू हुई ङ्क थोड़ा मजेदार और आसान बनाना। ये थोड़ी अलग है, थोड़ी मस्ती भरी और आज के लोगों की पसंद को ध्यान में रखकर बनाई गई है। सबसे खास बात ङ्क ये इतनी स्मूद है कि इसे सीधे सिप करना भी मज़ेदार लगता है।÷ साल्टी नर्ड तीन अलग-अलग फ्लेवर्स में उपलब्ध है।

### सेंसेक्स 150 अंक ऊपर 83,600 पर पहुंचा, निफ्टी भी 50 अंक चढ़ा

**मुंबई, 3 जुलाई (एजेंसी)।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार, 3 जुलाई को सेंसेक्स करीब 150 अंक चढ़कर 83,600 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 50 अंक की तेजी है ये 25,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में तेजी है। पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा चढ़कर कारोबार कर रहे हैं। कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन में गिरावट है। निफ्टी के 50 में से 34 शेयरों में तेजी, 14 में गिरावट और दो बिना बदलाव के हैं। NSE के IT, मेटल और ऑटो सेक्टर में तेजी है। बैंकिंग शेयरों में मामूली गिरावट है। HDFC बैंक की नॉन-बैंकिंग सब्सिडियरी कंपनी HDB फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का शेयर आज 4.58% ऊपर 879.45 रुपए पर पहुंच गया। इसी के साथ NBFC का मार्केट कैप कल के मुकाबले 3000 करोड़ बढ़कर 73,000 करोड़ रुपए हो गया। कल HDB बाजार में बेस प्राइस से 13त्न ऊपर 835 रुपए पर लिस्ट हुआ था। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.075% गिरकर 39,733 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.92% चढ़कर 3,103 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.08% गिरकर 23,961 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.074% ऊपर 3,457 पर कारोबार कर रहा है।




■ **आईटी मेटल और ऑटो सेक्टर में तेजी, बैंकिंग शेयर्स गिरे**


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1243/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा नेवरा दिनांक 02/07/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप कुमार सेतपाल पिता गुरूनोमल सेतपाल गुरुनानक वार्ड क्रं. 05 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का अदेती बाई पति श्री सेवकराम सेतपाल गुरुनानक वार्ड कं. 05 तिल्दा नेवरा निवासी का रजिस्ट्री नामांत्रण निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 368/05 भूमि गुरूनानक वार्ड प्लाट नं. 5/3 शीट नं. 04 खसरा नं. 812/2 का भाग रकबा 541 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1241/न.पा./रा.वि./2024-25
तिल्दा नेवरा दिनांक 02/07/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रूखसाना परवीन पिता अब्दुल रफीक खान मिशन वार्ड क्रं. 21 तिल्दा नेवरा द्वारा भूमि/भवन का अब्दुल रफीक पिता अब्दुल गफ्फार खान मिशन वार्ड क्र. 21 तिल्दा-नेवरा निवासी से वसीयतनामा निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा-नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड में दर्ज नहीं है उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय सेनानी, 22वीं वाहिनी (भा./रा.) छ.स.बल भीरागांव, काकेर (छ.ग.)**

क्रमांक-22वीं वाहिनी/छसबल/कांकेर/क्वा.मा./नीलामी ज्ञान क्र. M/400-B/25 दिनांक-30/6/25

**नीलामी विज्ञप्ति**

22वीं वाहिनी (भा./रा.) छसबल भीरागांव काकेर (छ.ग.) में निम्नलिखित अनुपयोगी सामग्री का नीलामी हेतु (सील्ड टेंडर) बंद निविदायें आमंत्रित किये जाते हैं। सील्ड कवर लिफाफा के ऊपर निविदा सूचना क्रं. तथा निविदा कर्ता का पूरा नाम पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| क्रमांक | सामग्री का नाम | कुल वजन | कमेटी द्वारा निर्धारित अफसेट मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | लोहा | 712 किग्रा | 30/- |
| 2 | टीना | 100 किग्रा | 20/- |
| 3 | प्लास्टिक | 71 किग्रा | 15/- |
| 4 | इन्वर्टर बैटरी | 123 किग्रा | 75/- |
| 5 | एल्युमिनियम | 53 किग्रा | 105/- |

01 निविदा फार्म बिक्री करने की अंतिम तिथि - 10.07.2025 को समय 02:00 बजे तक
02. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - 11.07.2025 को समय 04:00 बजे तक
03. निविदा खोलन की तिथि - 12.07.2025 को समय 12:00 बजे तक

नोट:-
1. निविदा फार्म 400 रूपये मूल्य का चालाना शीर्ष 0055 पुलिस मिसलेनियस पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत सेनानी 22वीं वाहिनी (भा./र.) छसबल भीरागांव कांकेर (छ.ग.) के नाम से जमा कर निविदि फार्म प्राप्त किया जा सकता है।
2. अन्य नियम एवं शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**सेनानी**
**22वीं वाहिनी (भा./र.) छसबल**
**भीरागांव, कांकेर छ.ग.**

जी-252601933/4

